डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

मीडिया दृष्टिकोण

वर्ष : 10 > अंक : 10 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

हिलव्यू समाचार मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

खुली आँखों से देखे गए सपने मेहनत से अवश्य पूरे होते हैं।
-शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, सोमवार, 21 अगस्त 2023

# कानों से कच्ची और आँखों से अंधी गहलोत सरकार, क्या सत्ता में होगी फिर एक बार?

## सिर्फ़ जीतने की क्षमता नहीं दिल जीतने की क्षमता वाले जन प्रतिनिधियों की सूची बनाने की आवश्यकता है कांग्रेस सरकार को

## जादूगर कहे जाने वाले गहलोत क्या समेट पायेंगे अपनी छड़ी से पार्टी के सारे तितर-बितर कबूतरों को?


**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** राजस्थान की राजनीति अब अखाड़े में उतरने वाली है। एक तरफ़ भाजपा का तेज़ बजता भोंपू दूसरी ओर आम आदमी पार्टी का चुनावी आव्हान कांग्रेस सरकार के हौसलों को चुनौती दे रहा है तो दूसरी तरफ़ अपनी ही उलझनों में उलझे कांग्रेस पार्टी के विधायक क़बूतर की तरह पंख फड़फड़ाकर गृहयुद्ध के बादलों को लगातार आमन्त्रित कर रहे हैं।

सीएम बनने का सपना लिए सीएम के ओएसडी, कैबिनेट मंत्री और कुछ आत्ममुग्ध विधायक मान बैठे हैं कि अब उनका राजा बूढ़ा हो चला और राजा है कि मन मस्तिष्क से यौवन को पीछे छोड़ने का नाम नहीं ले रहा है और उसकी जादूगरी के चर्चे प्रदेश और देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी चर्चा का विषय बने हैं।

राजस्थान कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में गहलोत ने हालांकि स्पष्ट किया और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि टिकट वितरण के लिए जीतने की क्षमता ही एकमात्र मानदंड होगा






यानी जो जीत सकते हैं उन्हीं को टिकट दिया जाएगा।

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 करीब आ गए हैं। माहौल गरम हो गया है। सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। राजस्थान कांग्रेस आगामी चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में तो है लेकिन जादूगर गहलोत को अपने आँख, नाक और कान खुले रखना होंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले अधिकांश उम्मीदवारों के नाम वे सामने ले आएंगे। शनिवार 19 अगस्त की बैठक में गहलोत के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और चुनाव समिति से जुड़े सभी नेता शामिल हुए।

इधर भाजपा-कांग्रेस के साथ-साथ कई छोटे-बड़े राजनीतिक दल भी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। यूपी में अपनी धमक जमाने वाली आजाद समाज पार्टी जयपुर में सामाजिक न्याय सम्मेलन का आयोजन करके अपने पैर जमा चुकी है। दलित और वंचित वर्ग पर होने वाले अत्याचारों को लेकर सरकार को घेरने की लगातार कोशिश भी कर रही है।

**चार-पाँच चमचों से घिरे गहलोत क्या अपने बिखरे हुए और नाराज़ विधायकों को एक लाइन में खड़ा कर पाएंगे? खाचरियावास की खटपट और महेश जोशी की मनमानियाँ धर्मेन्द्र राठौड़ की हठधर्मिता और तो और गोविंद डोटासरा की अंध भक्ति की नौटंकी को पढ़ना ज़रूरी है गहलोत के लिए। राजेन्द्र गुढ़ा जैसे नेता को नाराज़ करके अपनी मिट्टीपलीत करवा ली है गहलोत सरकार ने। जादूगर गहलोत को चारों तरफ जादू की छड़ी घुमाने के बजाए चारों तरफ़ नज़रें घुमाने की आवश्यकता थी प्रदेश में।**

प्रदेश में फैली दुर्घटनाएँ,हादसे, बलात्कार, भ्रष्टाचार,कालाबाज़ारी गुंडागर्दी, अवैध निर्माण, अतिक्रमण, जुआ-सट्टा,सैक्स स्कैण्डल, माफ़ियागिरी जैसी तमाम बुराइयों को कम से कम एक नज़र तो देख लो सीएम साहब! आप अपने ही क़रीबी कबूतरों यानी विधायकों को थोड़ा और क़रीब से देखिए जिनका उपरोक्त बुराईयों से दामन दाग़दार है।

**जीतने की क्षमता नहीं दिल जीतने की क्षमता वाले जन प्रतिनिधियों की सूची बनाने की आवश्यकता है आपको न कि जी हुज़ूरी करने वाले और पार्टी की छवि धूमिल करने वाले नेताओं की।**

## ख़बर-बेख़बर

# C-24 सिंधी कॉलोनी में पड़ौसी से सेटलमेंट कर अवैध निर्माण शुरू

### पेंट हाउस और सेटबैक में थोड़ी छूट के साथ निर्माण करने का पड़ौसी से किया गया है समझौता

### इनकम टैक्स, राजस्व विभाग को लगा रहे चूना बिल्डर दिशान्त नागपाल



शालिनी श्रीवास्तव

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** आदर्शनगर जोन नगर निगम हैरीटेज के प्लॉट नम्बर C-24 सिंधी कॉलोनी, रेजिडेंशियल प्लॉट में धड़ल्ले से हो रहा है अवैध निर्माण। यह अवैध निर्माण मात्र अवैध निर्माण ही नहीं बल्कि शासन और प्रशासन का फेलियर है।

सिंधी कॉलोनी में प्लॉट नम्बर C-24 रेजिडेंशियल कॉलोनी में दिशांत नागपाल कर रहे है अवैध निर्माण। पड़ौसी ने जब बहुमंज़िला प्रोजेक्ट के अवैध निर्माण का विरोध किया और लगातार शिकायतें कीं तो लगातार बन्द रहा अवैध निर्माण लेकिन बिल्डर दिशांत नागपाल ने किया पड़ौसी से सेटलमेंट और अपने अवैध निर्माण को दे दी है अब रफ़्तार ।

अनुमति कुछ और लेते हैं और साइट पर काम कुछ और ही होता है। बिल्डर्स सेटबैक के नियमों का पालन नहीं करते हैं और न ही प्लॉट्स का पुनर्गठन करवाते हैं और न ही यूनिट उतने बनाते हैं जितने की परमिशन ली जाती है। अगर सही तरीके से निगम अधिकारी नापचौक करें तो ये इमारतें ध्वस्तीकरण लायक ही होतीं हैं लेकिन बिल्डर्स सहित निगम ने भी बिल्डिंग बायलॉज के नियमों का मज़ाक बना कर रख दिया है। ग़लती से नगर निगम बिल्डिंग सीज़ कर भी देते हैं तो खोलने के आसान रास्ते भी बिल्डर्स को बता देते हैं और सीजर की अवधि के विपरीत जाकर नियत समय से पहले से तगड़ी मोटी रकम खिलाकर सील खुलवा ली जाती है और अवैध निर्माण कार्य पुनः शुरू हो जाता है जिसकी वजह से इन बिल्डर्स के हौसले बुलंद हो जाते है और फिर ये मनमानी करने से बाज़ नहीं आते है। पेंट हाउस और बेसमेंट्स की परमिशन लिए बिना बेसमेंट्स और पेंट हाउस भी बना लेते है। इस तरह लागत ख़र्च से दोगुना तिगुना लाभ लेकर बिल्डर्स करोड़पति अरबपति बन जाते हैं और भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों के भ्रष्ट सहयोग से इनकमटैक्स और राजस्व को चूना लगा जाते हैं।

# राजापार्क गली न.05, प्लॉट न. 529 ज़ीरो सेटबैक में बनकर तैयार

### मालवीय नगर जोन के राजस्व को चूना लगाकर लाखों में बिक रहे 529 के फ्लैट्स



**कुलदीप गुप्ता**

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** राजापार्क गली नम्बर 5,व्यास मार्ग पर आवासीय प्लॉट 529 की अवैध बिल्डिंग अवैध निर्माण की कहानी कह रही है। ज़ीरोसेटबैक से बनी यह बिल्डिंग बिना परमिशन लिए खड़ी हो गई है। आवासीय भूखण्ड हैं मगर अब बदल रहे हैं मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में और बन रहे हैं करोड़ों की संपत्ति।लंबी चौड़ी सड़कों की गलियाँ सिकुड़ रही हैं। अभी मलबा और मेटेरियल सड़क को तंग और गंदा कर रहा है बाद में इस बिल्डिंग में रहने वालों की कारों की कतारें बिल्डिंग के बाहर जाम लगा देंगी।ये है बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की धज्जियाँ उड़ते देखने वाले गली के रहवासियों के लिए इनाम।

पेंट हाउस और बेसमेंट्स बिना परमिशन के बनते हैं और करोड़ों में बिकते हैं।

पार्षद से लेकर विधायक तक हो रही है सेटिंग।सांठगांठ और मिलीभगत की बातों के जुमले उछालते बिल्डर्स हो गए हैं बेपरवाह।

बिना परमिशन लिए ज़ीरो सेटबैक पर बिल्डिंग बनाकर बिल्डर्स बिल्डिंग बायलॉज के नियमों की हँसी तो उड़ाते ही हैं साथ ही उससे ज़्यादा इनकमटैक्स और राजस्व को भी चूना लगाते हैं।

कम लागत में बिल्डिंग बनाकर आम जनता को बेचकर काली कमाई लेकर बिल्डर फुर्र हो जाते है और ठगा सा महसूस करता है आम आदमी जब महंगे दामों में खरीदता है सपनों का आशियाना और बाद में सीलन के साथ-साथ कुछ ही माह में बिल्डिंग की जर्जर हालात झेलता है। शहर की सुंदरता पर काले धब्बे की तरह है ये अवैध निर्माण। शहरी सौन्दर्य की हानि का सबसे कारण यह अवैध निर्माण व अतिक्रमण ही हैं जो बिल्डिंग बायलॉज के इतर जाकर पूर्ण होते हैं। मालवीयनगर नगर निगम ग्रेटर इस पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रहा? क्या है कारण?

**जवाब दे निगम में बैठे अधिकारी और कर्मचारी।**

## ट्रांसजेंडर्स मताधिकार "वोट ताल ठोक के" कार्यक्रम सम्पन्न

# जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर व वसुधा जन विकास संस्थान के बैनर तले हुआ आयोजन

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** ट्रांसजेंडर कम्युनिटी को मताधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को मालवीय नगर कैलगिरी स्थित होटल यानेला द कनॉट में विशेष कार्यक्रम 'वोट ताल ठोक के' आयोजित किया गया।

वसुधा जन विकास संस्थान के निदेशक मोना शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर तथा वसुधा जन विकास संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में इसका आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य शहर के ट्रांसजेंडर्स को वोटिंग राइट्स के लिए जागरूक करना था ताकि ज्यादा से ज्यादा ट्रांसजेंडर्स वोट करें और अपने अधिकारों के लिए सशक्त हों।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएस व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिल्पा सिंह व विशिष्ट अतिथि राजकीय महाविद्यालय जयपुर की प्रिंसिपल डॉ स्निग्धा शर्मा रही।

इस अवसर पर जयपुर की इलेक्शन टीम की ओर से ईवीएम के जरिए वोटिंग देना और वोटिंग का सही प्रयोग करना सिखाया गया।कार्यक्रम में लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई ।कार्यक्रम के दौरान वसुधा जन विकास संस्थान की सचिव गीता यादव,होटल एमडी राकेश शर्मा,सेंसर बोर्ड के सदस्य सतीश कल्याणकारी,राजस्थान का प्रथम जनाधार बनाने वाली किन्नर नूर शेखावत,समाजसेवी संजय सरदाना,पत्रकार ऋचा शर्मा,सृष्टि द विमन्स क्लब अध्यक्ष मधु सोनी,उपाध्यक्ष कमलेश सोनी,ब्रजेश पंवार,प्रसिद्ध आरजे दूरदर्शन एंकर कुलदीप गुप्ता व हिलव्यू समाचार संपादक शालिनी श्रीवास्तव सहित अन्य कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में किन्नरों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# एशिया बेस्ट एंपलॉयर अवॉर्ड 2023 मिला आवासन मण्डल को

### आवासन मण्डल के वित्तीय सलाहकार ओमप्रकाश बुटालिया ने प्राप्त किया पुरुस्कार

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** दिनांक 17 अगस्त 2023 को राजस्थान आवासन मंडल की विगत वर्षों की अद्भुत कार्यशैली एवं किए गए कार्यों की उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया है जिसमें सहभागिता एवं पुरस्कार प्राप्त करने हेतु आयुक्त पवन अरोड़ा ने वित्तीय सलाहकार (अतिरिक्त कार्यभार) ओमप्रकाश बुटालिया को सिंगापुर भेजा।




ओम प्रकाश बुटोलिया अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट अधिकारी हैं उन्होंने बताया कि इससे उनमें उत्साह, प्रेरणा बढ़ी है और आवासन मंडल की इस उपलब्धि से उन्हें भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हुई है। आयुक्त पवन अरोड़ा को मानवीय संवेदना से ओतप्रोत एक उच्च कोटि के प्रशासक बताते हुए उन्होंने कहा कि आयुक्त पवन अरोड़ा टीम भावना को बढ़ाने वाले अधिकारी ही नहीं बल्कि टीम की उपलब्धियों उजागर करने वाले अधिकारी भी हैं। वे एक असाधारण व्यक्तित्व और कृतित्व के धनी हैं। पवन अरोड़ा ने प्रशासनिक सेवा में अपने अंतिम सफर में अधिकारी ओमप्रकाश बोटोलिया को वित्तीय सलाहकार का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।ओमप्रकाश बुटोलिया ने वित्तीय सलाहकार के रूप में अपनी कुशल और व्यवस्थित कार्यप्रणाली से यह उपलब्धि हासिल की है।

## गुर्जर नेता बोले- भाजपा ज्यादा टिकट दे तो कांग्रेस का सूपड़ा साफ

# कौम की इज्जत पर हमला हुआ तो नहीं होगा बर्दाश्त: विधूड़ी

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर।** प्रदेश में विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा हर समाज को साधने में जुटी हुई हैं। इसी को लेकर शनिवार को जयपुर के तोतुका भवन में गुर्जर समाज की ओर से भाजपा संगठन में गुर्जर समाज को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर आभार-अभिनंदन सम्मेलन हुआ।

इस सम्मेलन में समाज ने मांग उठाई कि धोखा देने वालों को नहीं बल्कि मौका देने वालों का आगामी चुनाव में साथ देंगे। भाजपा में गुर्जर समाज की भूमिका पर हुए मंथन को लेकर इस सम्मेलन में चर्चा की गई। इस दौरान दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष रामवीर विधूड़ी ने समाज के नेताओं के खिलाफ बोलने वालों को आड़े हाथों लिया। सम्मेलन में विधूड़ी ने कहा कि जिसके दस्तखत से तुम्हें टिकट मिला, वह अब निकम्मा नकारा हो गया।

जिसकी लीडरशिप पर पार्टी विजय होती है, उसे आप मुख्यमंत्री मत बनाइए। हमारी कौम उसको सहन कर लेगी, लेकिन अगर कौम की इज्जत पर हमला होगा तो कौम बर्दाश्त नहीं करेगी।



### भाजपा के शासन में पैनोरमा बना और विकास कार्य हुए

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा ने गुर्जर समाज को केंद्र और प्रदेश में सत्ता एवं संगठन, दोनों जगह उचित प्रतिनिधित्व दिया। गुर्जर समाज के आराध्य भगवान देवनारायण का कमल के फूल पर ही उदय हुआ था, जिनकी 1111 वीं जयंती पर जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी पर आजादी के बाद नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं, जो उन्हें नमन करने आए। उससे पहले वहां भाजपा शासन में ही पैनोरमा बना और विकास कार्य हुए। मैं आशा करता हूं जैसा सहयोग गुर्जर समाज का भाजपा को आज तक प्राप्त हुआ, 2023 के चुनाव में भी वही समर्थन प्राप्त होगा। वहीं जवाहर सिंह ने कहा कि गुर्जर बाहुल्य सीटों से कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेगें। साथ ही समाज की तरफ से मांग रखी कि भाजपा से वह उम्मीद करते है कि वह विधानसभा चुनावों में समाज के लोगों को ज्यादा टिकिट देंगे। कार्यक्रम में मलासेरी डूंगरी के महंत हेमराज पोसवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह जौनपुरिया, प्रदेश मंत्री नीलम गुर्जर, जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, पूर्व महापौर शील धाबाई, प्रदेश प्रवक्ता ओम भड़ाना, दिल्ली के नेता प्रतिपक्ष रामवीर भिदुड़ी, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति अध्यक्ष विजय बैंसला, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक अनिता गुर्जर, रामसिंह गुर्जर, मानसिंह गुर्जर, दाताराम गुर्जर, भाजयुमो अध्यक्ष अंकित सहित समाज के अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया।

### सीएम गहलोत पर किया पलटवार


कार्यक्रम के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सीएम गहलोत पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घबरा रहे हैं। इसलिए लगातार भाजपा व उनके नेताओं के खिलाफ ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। अब अपने विधायकों को जैसे-तैसे जोड़े रखने की कवायद मात्र हैं। अब तक हुए आंतरिक सर्वे ने कांग्रेस की नींद उड़ा दी हैं। समाज इनका साथ छोड़ रहा हैं। सरकार ने अपने कुनबे को साथ रखने के लिए फोन तक टेप कराए। इसलिए कुनबे के लोग छोड़-छोड़ कर जा रहे हैं। जोशी ने कहा कि भाजपा ने कभी किसी समाज के नेता को केवल चुनाव में इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता के लिए जिसका चेहरा आगे किया, उनको बाद में नाकारा, निकम्मा और गद्दार कहकर अलग थलग कर दिया। जो ऐसा करते हैं या कहते हैं वे समाज का सिर्फ इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने गुर्जर समाज के नाम पर वोट मांग कर गुर्जर समाज के साथ धोखा करने का काम किया हैं।

## चिंतन

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना ज़रूरी

अब तक भारत का असमान विकास हुआ है, कुछ क्षेत्र काफी विकसित हैं, कुछ पिछड़े हैं, ग्रामीण क्षेत्र बहुत पिछड़े हैं। जबकि हरेक क्षेत्र में संभावनाएं हैं, व विकास की जरूरत भी है। होना यह चाहिए था कि समूचे देश का समान विकास होता, क्षेत्रीय शक्ति के आधार पर विकास का विकेंद्रित मॉडल विकसित होता। आजादी के वक्त से विकास के विकेंद्रित मॉडल को अपनाने की अवधारणा रही है, लेकिन व्यवहार में इस पर अमल नहीं हुआ। लचर और गैरजवाबदेह नौकरशाही ने कभी विकास के विकेंद्रीकरण को मजबूत करने के लिए प्रयास ही नहीं किया। पंचायती राज को लागू करने के पीछे भी मकसद यही था कि विकास की धारा को गांवों तक पहुंचाई जाय, पर व्यवहार में इस मोर्चे पर भी सरकार के खाते में अधिक उपलब्धियां नहीं हैं। समावेशी विकास दो ऐसे शब्द हैं, जो सरकारी महकमे में सबस अधिक प्रयुक्त होते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसा कम ही होता रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भाजपा के 'जिला पंचायत' सदस्यों से विभिन्न विकास पहलों को जन-आंदोलन बनाने के लिए काम करने का आग्रह किया और कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए "हर गांव, तहसील और जिले में विकास का दीपक जलाना है। दरअसल, भारत को विकास के पथ पर गतिशील रखने के लिए जरूरी है कि विकास की सभी विकेंद्रित लोकतांत्रिक इकाइयां एक साथ एकजुट होकर एक लक्ष्य के लिए समयबद्ध कार्य करें। पंचायती राज लाने का मकसद ही यही था कि ग्रामीण स्तर पर भारत का मजबूत विकास तंत्र बने। अब पीएम ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए हर गांव, तहसील और जिला के स्तर पर समावेशी विकास की आवश्यकता का आह्वान किया है। यह बहुत जरूरी आह्वान है, यह बहुत पहले होना चाहिए था। संविधान के सामाजिक लोकतंत्र और आर्थिक लोकतंत्र के लक्ष्य की पूर्ति के लिए पंचायत, तहसील व जिला स्तर पर विकास के तंत्र को मजबूत करना ही होगा। सबका साथ सबका विकास के ध्येय के लिए लोकतंत्र के सभी स्तंभों का भागीदार होना जरूरी है। ग्राम स्वराज के लिए पंचायती संस्थाओं को अपनी पूर्ण शक्ति से काम करना होगा। अगर सभी पंचायतें, सभी तहसील, सभी जिले एक साथ अपनी क्षेत्रीय शक्तियां और जरूरतों के हिसाब से विकास केंद्रित प्रोजेक्ट पर काम करें तो देश पांच से दस साल में अधिकतम लक्ष्य हासिल करेगा। पेयजल, ग्रामीण सड़कें, बिजली आपूर्ति व वितरण, सोलर ऊर्जा का प्रयोग, स्कूलों व अस्पतालों का निर्माण व संचालन, सहकारी खेती, हार्टिकल्चर, पशुपालन, मत्स्यपालन, कुटीर उद्योग, जिला स्तर पर लघु व मध्यम उद्योग, जल संरक्षण आदि ऐसे काम हैं, जिसमें जनभागीदारी व सरकार के सहयोग से देश आर्थिक क्रांति कर सकता है। कौशल विकास इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। कम समय में देश की जीडीपी डबल डिजिट में आ सकती है। आकांक्षी जिला, वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट आदि थीम पर कुछेक राज्य काम कर रहे हैं, लेकिन इसे समयबद्ध तरीके से हरेक पंचायत-तहसील-जिला स्तर पर करना होगा। ग्रामीण स्तर पर सार्वजनिक परिसंपत्ति निर्माण के लिए मनरेगा बजट का बखूबी प्रयोग किया जा सकता है। देश में घरेलू उपयोग के लिए सोलर व बैटरी चालित बिजली का प्रयोग व्यापक स्तर पर किया जा सकता है। शहरी के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करके ही भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बन सकेगा।

# यह मेरा कार्ड! मेरा ट्रम्प कार्ड!!



ज़िरहनामा
कनक तिवारी

कांग्रेस पार्टी सॉफ्ट हिन्दुत्व के हाथों में क्यों है जिसके मसीहा गांधी की देह में लोकसेवा की दधीच धार्मिक हड्डियां थीं? नेहरू के जिस्म और जेहन में संसार की संस्कृति थी। इतिहास को सिलसिलेवार समझाने की जुगत में हरफनमौला कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को मौलाना कहा गया। बाटला हाउस और आजमगढ़ की घटनाओं पर उनकी राय को निजी राय कहने से भी संगठन का नुकसान तो हुआ। 'ओसामा जी' जैसा संबोधन कट्टर हिन्दुओं को चिढ़ाता रहा। अलबत्ता हिन्दू सम्प्रदायवादी भी हथियारों की होड़ में कट्टर अल्पसंख्यकों से पीछे नहीं हैं।

इतिहास का ब्याज भविष्य में मूलधन नहीं बनता। वर्तमान निकम्मा हो तो अतीत में कमाया ब्याज निठल्लेपन और अय्याशी में खर्च होता है। पुरखों की दौलत को समझ के साथ खर्च करने कोशिश नहीं की जाए तो पुराना ब्याज चक्रवृद्धि ब्याज होकर वर्तमान से जुड़कर मिश्रधन बनता है। उसकी शाहखर्ची होने पर गरीबी दूर नहीं होती। अंकगणित का यह पाठ समाज के मैदानी अनुभव की स्लेट से लिखा और मिटाया जाता रहता है। अतीत में मूलधन और ब्याज दोनों की कमी होने से भारतीय जनता पार्टी के पूर्वजों ने सूम के धन जैसी जमा अपनी पूंजी को थाती की तरह छाती से चिपटाए रखा। उसके बरक्स कांग्रेस अपने गौरवपूर्ण इतिहास की जिल्दों पर लगी दीमकों तक को साफ करने का जतन भूलने लगी। लगातार चुनावों में भाजपा का लहराता परचम उसके वंशवृक्ष की पीढ़ियों की जद्दोजहद का पड़ाव भी है। वर्षों तक हारते हारते मातृसंस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिन्दू महासभा ने तय कर लिया था कि राजनीति में हिन्दुत्व का घालमेल करते रहेंगे। उन्हें उम्मीद थी कि हिन्दू धर्म के संकीर्ण जमावड़े की आवाज़ मतदाताओं का बहुमत ज़रूर सुनेगा। संघ परिवार ने चतुराई से धर्म के हिन्दुत्व को मुखर कर संस्कृति का मुलम्मा चढ़ाकर परोसना शुरू किया। हिन्दू महासभा के विनायक दामोदर सावरकर ने ही हिन्दुत्व नामक राजनीतिक शब्द खोजा। संघ परिवार के आनुषंगिक संगठन भारतीय जनसंघ, भारतीय मजदूर संघ, सरस्वती शुशि मंदिर, विद्या भारती, बजरंग दल, स्वदेशी जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद, विवेकानन्द फाउंडेशन, वनवासी सेवा मण्डल और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, श्रीराम सेना आदि बाद में बनते रहे। कम्युनिस्टों की तर्ज पर संघ ने काडर आधारित ढांचे को खड़ा किया। उसके स्वयंसेवकों की पीढ़ियां प्रतिकूल हालातों में भी घर घर दस्तक देती रहीं।


शुरुआत में उन्हें अवांछित बीमा एजेंटों की तरह घरों से उपेक्षित भी किया जाता रहा। गांधी का स्वच्छता मिशन, सरदार पटेल की संसार की सबसे ऊंची मूर्ति, 'मेक इन इंडिया' जैसे पूंजीवादी नारे और 'राम मंदिर', 'समान नागरिक संहित"', 'कश्मीर में 370' वगैरह हिन्दुत्व का एजेन्डा प्रधानमंत्री मोदी चतुराई से निपटाते रहते हैं। आज़ादी के आंदोलन में संघ परिवार की गैरनिर्णायक, अप्रामाणिक और अविश्वसनीय भूमिका का विरोधी प्रचार होता रहा। कांग्रेस आंदोलन लिहाफ बनकर छाया। उसके प्रमुख नेता तिलक, गोखले, विपिनचंद्र पॉल, लाजपत राय, मदनमोहन मालवीय,पुरुषोत्तमदास टंडन, सरदार पटेल और राजगोपालाचारी वगैरह परम्परावादी हिन्दुओं की तरह भी कई बार लगते। कांग्रेस के शीर्ष बौद्धिक नेता, गांधी, नेहरू, मौलाना आज़ाद, सुभाषचंद्र बोस संघ परिवार द्वारा हिन्दुत्व को धर्म की तरह परोसने के उलट हिन्दू धर्म को भारतीय संस्कृति की तरह आधुनिक, विकसित, सर्वदेशीय और जनसुलभ बनाकर समावेशी चरित्र का दिखाते रहे। कांग्रेस के बाहर दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द, रवीन्द्रनाथ टैगोर और महर्षि अरविन्द वगैरह ने यही किया। मोतीलाल और जवाहरलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेन्द्रदेव और डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे कांग्रेसियों में समाजवादी मार्क्सवाद के प्रति झुकाव रहा है। पूर्वजों के पसीने की गंध धीरे धीरे भूलकर कांग्रेस सत्ता की इत्र फुलेल में महकने लगी। उसमें पूर्वज स्याही से लिखी इबारतें पढ़ने की नीयत नहीं बची। आज भाजपा से उसका मुकाबला केवल राजनीतिक नस्ल का नहीं है। संघ परिवार सांस्कृतिक मूल्य-युद्ध की चुनौती देता रहा है। कांग्रेस के पास भारतीय संस्कृति के विचारों का संग्रहालय, विश्वविद्यालय और पुस्तकालय अभी भी हैं। उन पर लेकिन पार्टी नेतृत्व ने ताले जड़ दिए है और चाबी पता नहीं कहां रख दी है। भाजपा के दोष निकालने, मीडिया को कोसने और मतदाताओं से लगातार बेरुख होते रहने के भी कारण इतिहास पराजय के 'तथास्तु' का आशीर्वाद देने लगा। कांग्रेसी धर्मनिरपेक्षता के तेवर धीरे धीरे हिन्दू विरोधी प्रचारित किए जाते रहे। मसीहा गांधी से ज़्यादा हिन्दूवादी तो हिन्दू महासभा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में भी कोई नहीं था। फिर भी गांधी की हत्या कट्टर हिन्दुत्व के नुमाइन्दे ने मुस्लिम पाकिस्तान को 55 करोड़ रुपयों की मदद गैरजरूरी कहते की।

कांग्रेसियों के खिलाफ हिंदू देवी देवताओं से उदासीनता संघ परिवार द्वारा प्रचारित की जाती रही। कांग्रेस को मुस्लिमपरस्त कह। धर्मनिरपेक्षता को नकली धर्मनिरपेक्षता कहा जाने लगा। हिंदुत्व के समानान्तर चलने का झंडा उठाकर हालिया नया कांग्रेसी खेल षुरू है। राम वन गमन योजना, हनुमान मंदिर बनाकर राहुल गांधी को जनेऊ पहने फोटो दिखाकर, बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र ब्रह्मचारी का प्रवचन कराकर किसको मजबूती दी जा रही है? इन ठनगनों के बीच कांग्रेस की आत्मा और महात्मा गांधी गुम हो रहे हैं। गांधी का 150 वां जन्मवर्ष यूं ही चला गया। कई कांग्रेस विधायक और मंत्री कैमरे पर गांधी की पुण्यतिथि और जन्म तिथि तक नहीं बता पाए।

कांग्रेस पार्टी सॉफ्ट हिन्दुत्व के हाथों में क्यों है जिसके मसीहा गांधी की देह में लोकसेवा की दधीच धार्मिक हड्डियां थीं? नेहरू के जिस्म और जेहन में संसार की संस्कृति थी। इतिहास को सिलसिलेवार समझाने की जुगत में हरफनमौला कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को मौलाना कहा गया। बाटला हाउस और आजमगढ़ की घटनाओं पर उनकी राय को निजी राय कहने से भी संगठन का नुकसान तो हुआ। 'ओसामा जी' जैसा संबोधन कट्टर हिन्दुओं को चिढ़ाता रहा। अलबत्ता हिन्दू सम्प्रदायवादी भी हथियारों की होड़ में कट्टर अल्पसंख्यकों से पीछे नहीं हैं।


विवेकानन्द और गांधी ने मुस्लिमों और ईसाइयों को अपना आत्मीय कहा था। इसके बावजूद धर्म परिवर्तन करने की उनकी कोशिशों को प्रखरता के साथ खारिज किया। उदार हिन्दू मतदाता कांग्रेस का आधार रहे हैं। यह क्यों हुआ कि कांग्रेस को मजहबी आधार पर हिन्दू बहुल देश में हाशिये पर लाए जाने की जुगत बिठाई जा रही है। कांग्रेस दफ्तरों में भगवा रंग की पोषाकें क्यों पहनी जा रही हैं!! भाजपा कहती है यह है हमारा हिन्दू कार्ड। कांग्रेस जवाब दे रही यह है हमारा सॉफ्ट हिन्दुत्व का ट्रम्प कार्ड! कांग्रेस ने मनरेगा कार्ड दिया तो भाजपा जयश्रीराम कहते उसका नकदीकरण कराने लगी। पंथनिरपेक्षता कांग्रेस का क्रेडिट कार्ड रहा है। अब उसे भाजपा के पक्ष में डेबिट कार्ड में तब्दील क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय राशनकार्ड को हथियाकर भाजपा ने अस्सी करोड़ लोगों को पांच किलो मासिक अनाज देकर मैदान जीतने की तैयारी कर ली थी। अम्पायर नाम की जनता से कांग्रेस कह रही है कि फाउल खेलने के कारण सियासी फुटबॉल में भाजपा को रेड कार्ड दिखाया जाए। कुछ कॉरपोरेटियों के कारण दोनों दलों की सिर फुटौव्वल से बरबाद हो रही आर्थिक नीतियों के नतीजतन लाखों अमीर यूरो अमेरिकी मुल्कों में पलायन कर वहां रहने बेगैरत होकर भी ग्रीन कार्ड पाने तड़प रहे हैं। जिनके पास पैन कार्ड तक नहीं है। ऐसे करोड़ों मुफलिस राशन कार्ड पाने इतिहास की प्रतीक्षा सूची में खड़े हैं। फिर भी उन भूखों के वोटर आई डी कार्ड देखकर राजनीतिक दलों की अजीर्ण सहित लार टपक रही है। संविधान ही तो हर भारतीय का आधार कार्ड है। उसे भी कई नक्काल एक ही नागरिक के लिए कई बार बना रहे हैं क्योंकि किसी को भी भारतीय कहने का प्रमाण पत्र देने का जिम्मा सॉफ्ट और हार्ड हिन्दुत्व के ठेकेदारों को दे दिया गया है।

## सारा संसार



कांची कैलाशनाथ मंदिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है जो वेदवती नदी के तट पर, पश्चिमी सीमा पर, तमिलनाडु के कांचीपुरम शहर में पूर्व की ओर स्थित है। मंदिर हिंदू भक्तों के लिए बहुत महत्व रखता है और पूरे वर्ष विशेष रूप से महाशिवरात्रि के दौरान यहां बड़ी संख्या में पर्यटकों को देख सकते हैं। कांची कैलाशनाथ मंदिर सुंदर चित्रों और शानदार मूर्तियों से अलंकृत है।


# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित
दर्शन

**स्वामी चिदानन्द सरस्वती**। स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिये वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। गोस्वामी जी ने बड़ी प्रसन्नता से उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद खिलाया जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? गोस्वामी जी ने कहा कि वेदों पुराणों में भगवान के नाम की महिमा लिखी है, उसे पढ़कर देख लीजिये। भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। उन्होंने गोस्वामी जी से कहा कि महिमा लिखी तो है परंतु हमें विश्वास नहीं होता। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा विश्वास वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले सकते हैं अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करे। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया।

## मानवतावादी दिवस




अखिलेश आर्येन्दु

# बेहतर समाज का निर्माण हो

मानवीय उद्देश्यों के लिए अपनी जान की परवाह किए बगैर जान गंवाना मामूली बात नहीं है। इराक में बगदाद के होटल कैनाल में जिन लोगों ने इंसानियत की हिफाजत के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए 19 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र संघ के आह्वान पर दुनियाभर में मानवतावदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस याद दिलाता है कि इंसानियत की हिफाजत करने वाले हमारे मानव समाज के सबसे जिम्मेदार, मूल्यवान, करुणा व दया से भरे हुए और एक बेहतर समाज निर्माण करने वाले होते हैं। उनका मकसद कोई निजी स्वार्थ से प्रेरित नहीं बल्कि इंसानियत की हिफाजत के लिए वे अपना हर कदम आगे बढ़ाते हैं ताकि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके और इंसानियत का कारवां लगातार आगे बढ़ता रहे। कभी-कभी दुनिया में कुछ ऐसी घटनाएं घट जाती हैं जो एक नज़ीर बन जाती हैं। यदि उस घटना में कोई इतिहास बनाने वाले की मौत हो जाए तो वह दुनिया के लिए प्रेरणा का कार्य करती हैं। मानवतावादी सर्जियों विएरा डी मेलो सहित बाईस उनके साथियों की मौत भी दुनिया के लिए प्रेरणा बन कर आई और आज भी हम उन्हें बहुत आदर के साथ याद करते हैं। स्वार्थ से ऊपर उठकर काम करना और उसके बदले में कोई चाहत न रखना बहुत बड़ी बात है। गीता में इसे निष्काम कर्म कहा गया है। जिन मानवीय मूल्यों की हिफाजत के लिए दुनिया के सबसे बेहतर इंसानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया वे सारी मानतवा के आदर्श रहे हैं और आज भी हैं। मानवतावादी दिवस यह याद दिलाता है कि हम सभी में वह शक्ति, भावना और सोच है जो इंसानियत के लिए रोजाना एक बेहतर कार्य कर सकते हैं का आधार बिंदु भी है और दूसरों को भी बेहतर समाज निर्माण के लिए प्रेरित करने का कार्य करती है। इससे जहां समाज से गैर इंसानी कवायदों को रोकने में कामयाबी मिलेगी वहीं पर समाज में मानवीय मूल्यों के बिखराव को भी रोका जा सकता है। यह दिवस शपथ लेने का भी है कि इंसानियत के दुश्मनों के इरादों को वे जहां हैं वहां कामयाब नहीं होने देंगे। जो अपने स्वार्थ में या मनोरंजन के लिए मानवता का नुकसान करते हैं, ऐसे लोगों को समझाना-बुझाना, उन्हें विध्वंस की जगह मिर्नाण के लिए प्रोत्साहित करना और बेहतर दुनिया मानवतावादियों के कार्यों से ही सुरक्षित है। दुनिया में आए दिन कुदरत के कहर से लाखों लोग अपंग या मौत के शिकार हो जाते हैं, ऐसे लोगों को मानवीय मदद की दरकार होती है। इसी तरह लिंग आधारित हिंसा, साम्प्रदायिकता, महजबी जुनून, जाति-भेद के चलते हिंसा और क्रूरता, अपनी बात थोपने के कारण हुई हिंसा से त्रस्त हजारों लोग पलायन के लिए मजबूर होते हैं। इनकी मदद हर तरह से करने की जरूरत होती है। यह दिवस याद दिलाता है कि इंसान के रूप में जो इस धरती पर पैदा हुआ है, यदि वह किसी वजह से हिंसा, अन्याय, शोषण या क्रूरता का शिकार हुआ है तो उसकी मदद बगैर किसी भेदभाव के करनी ही चाहिए, जिससे इंसानियत जिंदा रहे और दुनिया बेहतर कल की आशा में आगे बढ़ती रहे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अटल जी को नमन

16 अगस्त को अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि आये हो निभाने को जब किरदार ज़मीं पर, कुछ ऐसा कर चलो कि ज़माना मिसाल दे। अटल जी एक अच्छे राजनेता ही नहीं, बल्कि एक अच्छे कवि भी थे। इनकी कविताओं ने हर किसी के अंदर जोश और जज्बा भरा है। दुनिया में विरले लोग ऐसे होते हैं जिनकी अच्छाइयों का जिक्र करने के लिए शब्द ही कम पड़ जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी भी उनमें से एक हैं। वह अपने खराब स्वस्थ्य के कारण राजनीति में उतने सक्रिय बेशक नहीं रह सके, लेकिन फिर भी भारत के उन चुनिंदा नेताओं में से एक थे जिनका विपक्ष भी आदर करता है।

- महेश कटियार, दुर्ग

## करंट अफेयर

# चीन विवादित द. सागर द्वीप पर हवाई पट्टी बना रहा



चीन विवादित दक्षिण चीन सागर के उस द्वीप पर एक हवाई पट्टी का संभवतः निर्माण कर रहा है, जिस पर वियतनाम और ताइवान भी दावा करते हैं। उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से यह जानकारी सामने आई है। पारासेल द्वीप समूह के ट्राइटन द्वीप पर जारी कार्य स्प्रैटली द्वीप समूह पर सात मानवनिर्मित द्वीपों के निर्माण की तरह ही प्रतीत होता है। ये मानव निर्मित द्वीप हवाईपट्टियों, गोदी और सैन्य प्रणालियों से युक्त हैं। ट्राइटन द्वीप पर निर्माण कार्य का पैमाना अभी उतना व्यापक प्रतीत नहीं होगा। चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, वह इस पर अन्य देशों के दावों को खारिज करता है और उसके दावे को अमान्य करार देने वाले अंततराष्ट्रीय फैसले की अवहेलता करता है। 'प्लैनेट लैब्स पीबीसी' से मिली उपग्रह तस्वीरों का 'द एसोसिएटेड प्रेस' ने विश्लेषण किया। इन तस्वीरों में हवाई पट्टी का निर्माण कार्य अगस्त की शुरुआत में होता दिख रहा है। समाचार वेबसाइट 'द ड्राइव' ने मंगलवार को उपग्रह तस्वीरों को लेकर सबसे पहले जानकारी दी। प्रतीत होता है कि रनवे 600 मीटर (2,000 फीट) से अधिक लंबा है, जो 'टर्बोप्रॉप' विमान और ड्रोन के लिए काफी होगा।

## ऑफ बीट

# मनुष्यों के लिए खतरनाक हो सकती है भीषण गर्मी



गर्मी हर साल हजारों लोगों को चुपचाप निगल रही है और यह दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। उत्तरी गोलार्द्ध में अत्यधिक गर्मी को लेकर मीडिया की रिपोर्टिंग स्पष्ट है : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने मानव अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान है कि 'ब्रिटेन तीन दशकों में अत्यधिक गर्म हो सकता है' जो निश्चित तौर पर 97 प्रतिशत मानवता के लिए चिंता का विषय है जो ब्रिटेन के मुकाबले अधिक गर्मी वाले स्थानों पर रहते हैं। अच्छी खबर यह है : ब्रिटेन के लोगों को 2050 तक स्वीडन नहीं जाना पड़ेगा। बुरी खबर है : पहले ही जानलेवा गर्मी है जो बदतर होती जा रही है और जल्द ही एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है। गर्मी चुपचाप लोगों की जान ले रही है और यह अन्य किसी प्राकृतिक आपदा के मुकाबले अधिक संख्या में मौतों के लिए जिम्मेदार है। हाल के दशकों में यूरोप में भीषण गर्मी ने हजारों लोगों की जान ली है। विकासशील देशों में मृतकों की संख्या की उचित तरीके से गिनती नहीं की गयी है और संभवतः मृतकों की संख्या कहीं अधिक है।

## ट्रेंड

### नशा करने वालों से अनुरोध



जो लोग नशे का सेवन करते हैं उनसे मेरा अनुरोध है कि नशे में अपना जीवन बर्बाद करने मत दीजिए। अगर आप किसी तरह के तनाव में हैं तो अपने दोस्तों, परिवार या किसी संस्था से बात करें। कोई समस्या ऐसी नहीं होती है जिसका आप इच्छाशक्ति से सामना नहीं कर सकते।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### केंद्र संज्ञान ले



बिबेक देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है जिसका केंद्र सरकार को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आगे कोई ऐसी अनर्गल बात करने का दुस्साहस न कर सके।

-मायावती, बसपा सुप्रीमो

### ऐसी टिप्पणी निंदनीय



सबके सुख-दुख में काम आने वाले जिस शांतिप्रिय समाज ने भगत सैन जैसे महान संत भक्ति कवि, सच्चे पादशाह गुरु गोविंद सिंह के पंज प्यारे साहिब सिंह जी, रससिद्ध कवि भिखारी ठाकुर जैसे असंख्य महान बेटे-बेटियों को जन्म दिया हो, उसके विषय में ऐसी टिप्पणी निंदनीय व दुखद है।

-कुमार विश्वास, कवि

### ग्राहकों को परवाह नहीं



मासेराती इंडिया ने एक ग्राहक की इस बात को मानने से इनकार कर दिया कि उनकी कार में कोई समस्या है। क्या मुख्यालय ग्राहकों की शिकायतें भी सुन रहा है? जाहिर है, उन्हें कोई परवाह नहीं है।

-गौतम सिंघानिया, उद्योगपति

एक नज़र

**नियमों के गफलत में फंसे कर्मचारी**

## RGHS ने छीना महिला कर्मचारियों के आश्रितों का 'राइट-टू-हेल्थ'

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राज्य सरकार की प्रदेश के राज्य कर्मचारियों को कैशलेस इलाज देने के लिए शुरू की गई आरजीएचएस योजना हजारों कर्मचारियों के लिए गलफांस बन गई है। जहां सरकार ने योजना के तहत कर्मचारियों और आश्रितों को ओपीडी से लेकर आईपीडी यानि गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा दी गई। वहीं यह सुविधा अब नियमों के फेर के चलते दुविधा बन गई है। जिन कर्मचारियों ने अपने आश्रितों का इलाज कराया है, उन्हें विभाग को तीन गुणा राशि ब्याज के साथ चुकानी पड़ रही है। मुख्य रूप से महिला कर्मचारियों की सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। उनके सामने परिवार में योजना के लिए चयन करने का संकट पैदा हो गया है।

**कार्ड का दुरूपयोग करने वालों पर नजर:** योजना में परिजनों के नाम पर अन्य लोगों का इलाज कराने वाले और कार्ड का दुरूपयोग करने वालों पर सरकार कडी नजर रख रही है। विभाग ने अब ऐसे लोगो पर कार्रवाई भी शुरू कर दी है। योजना का गलत फायदा उठाने पर सरकार कर्मचारियों के कार्ड को ब्लॉक कर कर रही है। हाल में विभाग ने नियमों से परे जाकर इलाज लेने वाले 5065 कर्मचारियों के कार्ड ब्लॉक कर रिकवरी शुरू कर दी है। परियोजना निदेशक शिप्रा विक्रम का कहना है कि जिन महिला कर्मचारियों ने माता-पिता की जगह सास-ससुर को शामिल किया है या 25 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का इलाज कराया है, उन कर्मचारियों के कार्ड ब्लॉक किए हैं। साथ ही वित्त विभाग द्वारा जारी किये गए नियमों के अनुसार जितनी राशि का इलाज कराया है उसके तीन गुणा और 18 प्रतिशत ब्याज के साथ वसूली की जा रही है।

**जल्द उम्मीदवार मैदान में उतारेगी कांग्रेस, टिकट वितरण को लेकर 21 से होगा वर्कआउट शुरू**

# दावेदारों पर मंथन, जल्द जारी होगी पहली सूची

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान कांग्रेस कार्यालय के वॉर रूम में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई। शनिवार को हुई इस बैठक के बाद अब यह तय हो गया है कि कांग्रेस जल्द ही उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए टिकट के दावेदारों के नामों पर मंथन हुआ। जानकारी के अनुसार अब यह तय हो गया है कि इस बैठक के बाद कांग्रेस जल्द ही विधानसभाओं चुनावों को लेकर अपनी सूची में शामिल नामों की घोषणा करेगी। बैठक में पहली सूची फाइनल करने के लिए स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी और आलाकमान की सहमति के बाद प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया जाएगा। हालांकि प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में दावेदारों के नामों पर मंथन कर किया गया है। बैठक में पहली सूची के लिए टिकट का पैनल बनाने के साथ उम्मीदवारों का नाम स्क्रीनिंग कमेटी को भेजने पर फैसला हुआ हैं। 11 अगस्त को हुई पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक के दौरान इस बात पर सहमति बनी थी कि इस बार चुनाव समिति भी स्क्रूटनी में शामिल होगी, ताकि जल्द से जल्द उम्मीदवारों पर फैसला किया जा सकें। चुनाव समिति उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर उसे स्क्रीनिंग कमेटी को भेजेगी। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी हाईकमान के साथ बैठक कर टिकट फाइनल करेगी। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद प्रत्याशियों के नाम फाइनल होंगे।




### गोगोई संभाग स्तर पर करेंगे बैठकें

बैठक में तय हुआ की कांग्रेस चुनावों में दावेदारों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। जिसको लेकर पीसीसी अध्यक्ष ने बताया कि चुनावों में अच्छे उम्मीदवार देने के लिए अच्छे सुझाव आएं। 28 से 31 अगस्त तक गौरव गोगोई राजस्थान के दौरे पर रहेंगे जो प्रदेश या संभाग स्तर पर बैठक कर कार्यकर्ताओं और नेताओं की राय जानेंगे। वहीं आवेदन के लिए एक प्रफोर्मा जारी किया जाएगा। डोटासरा ने बताया कि उम्मीदवारों के आवेदन आने के बाद पीईसी के सभी सदस्य एक साथ मिलकर चर्चा कर आवेदनों को सीईसी को दिया जाएगा। जिसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक कर सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि हम सभी ने एक राय होकर संकल्प लिया है कि राजस्थान में फिर से कांग्रेस सरकार बनने जा रही है जहां पूरी कांग्रेस पार्टी एकराय होकर प्रदेश में चुनाव लड़ेगी।

### इस तरह मिलेगा दावेदारों को टिकट

प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि 21 से 23 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में बैठक की जाएगी। इन कमेटियों में आए हुए आवेदनों को 24 अगस्त को बैठक में पेश किया जाएगा। 25 अगस्त से प्रदेश चुनाव समिति के मेंबर जिलों में जाकर टिकट के दावेदारों पर फीडबैक लेंगे। चुनाव में टिकट वितरण को लेकर 21 से वर्कआउट शुरू होगा। प्रदेश कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी अब ब्लॉक स्तर तक जाकर जनता की राय जानेंगे और उम्मीदवारों के आवेदन लेंगे।

**भाजपा की संगठनात्मक रणनीति: गुजरात व यूपी के विकास मॉडल पर लड़ेंगे चुनाव**

## आठ दिन में बाहरी MLA सभी 200 सीटों पर करेंगे रायशुमारी



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। भाजपा प्रदेश की सभी 200 सीटों पर रायशुमारी करने के लिए अन्य राज्यों के विधायकों को मैदान में उतारेगी। आलाकमान इनकी ग्राउंड रिपोर्ट के आधार पर आगे की रणनीति तैयार करेगा। बाहरी विधायकों के आठ दिवसीय अल्प प्रवासी योजना के तहत शनिवार को जयपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और विधायक वासुदेव देवनानी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि 6 राज्यों से विधायक बैठक में पहुंचे हैं। ये विधायक सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर उनके राज्यों में हुए नवाचारों के सबंध में स्थानीय लोगों से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, जिस प्रकार यूपी में कानून व्यवस्था सुदृढ हुई है, गुजरात में बजट घोषणाओं को तय समय पर धरातल पर उतारा गया। वहीं, दूसरी ओर राजस्थान में कानून व्यवस्था और पेपर लीक जैसे प्रकरणों से हमारे प्रदेश की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।


### कार्यकर्ताओं से ग्रास रूट पर करेंगे चर्चा

राठौड़ ने कहा कि अल्प प्रवासी विधायक जमीनी कार्यकर्ता के तौर पर भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं, पन्ना प्रमुख और शक्ति केन्द्र प्रभारियों सहित पदाधिकारियों से मिलकर चर्चा करेंगे। विधानसभा क्षेत्रों में प्रवास के साथ ही बैठकों में भाग लेंगे, जिसमें वे अपने अनुभव साझा करने के साथ प्रदेश के मौजूदा हालातों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि गुजरात के विकास मॉडल की चर्चा आज पूरे देश में है। वहीं, जनसंख्या और भौगोलिक स्थतियां विपरीत होने के बावजूद यूपी में आज कानून व्यवस्था बेहद सुदृढ़ है। योगी सरकार के भय से अपराधी यूपी छोड़ अन्य राज्यों में शिफ्ट हो रहे हैं।

## छात्रसंघ चुनाव कराने को लगी जनहित याचिका खारिज

**जयपुर**। प्रदेश में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर राजस्थान हाई कोर्ट में दायर जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया गया। सीजे एजी मसीह और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने अधिवक्ता शांतनु पारीक की ओर से दायर याचिका पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह पब्लिक इंटरेस्ट पिटिशन न होकर पब्लिकेशन इंटरेस्ट पिटिशन है। इसमें जनहित का क्या है? इसका जवाब याचिकाकर्ता नहीं दे सके। तब पीठ ने कहा कि अगर इस याचिका को वापस नहीं लिया गया तो इसे हर्जाने के साथ खारिज किया जाएगा।






राजीविका की ओर से आयोजित सखी सम्मेलन में CM ने की घोषणा

# 43 लाख महिलाओं को मिलेगा 7 योजनाओं का लाभ

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले हर वर्ग को साधने का प्रयास कर रहे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को सात बड़ी घोषणाएं की। राजीविका से जुडी प्रदेश के साढ़े 43 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल देने के लिए यह घोषणाएं की गईं। दरअसल राजीविका की ओर से राजधानी जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में सखी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां मुख्यमंत्री ने महिला समूहों के उत्पादों का अवलोकन करते हुए महिलाओं से संवाद किया और उन्हें सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं करते हुए पुनः गारंटी शिविर शुरू करने की घोषणा की। मिशन रिपीट मोड़ पर काम कर रहे सीएम गहलोत ने राजीवीका से जुडी महिलाओं से संवाद करते हुए प्रदेश में कांग्रेस सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने की अपील की।

सरकार द्वारा महंगाई राहत कैम्प के जरिये 10 गारंटी योजनाओं के साथ अब एक और 11वीं गारंटी जोड़ने की घोषणा की।




### मानदेय बढ़ाने सहित की ये घोषणाएं

सीएम गहलोत ने महिलाओं से कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सरकार द्वारा निःशुल्क स्मार्ट फोन दिए जा रहे है। इसलिए राजीविका की महिलाएं 11वीं गारंटी का लाभ लेते हुए अन्य को भी जागरूक करें। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सखी सम्मेलन में राजीविका सखियों के लिए सात घोषणाएं की, जिसमे मानदेय 15 फीसदी बढ़ाने, 1000 करोड़ का ब्याज मुक्त कृषि ऋण देने, स्कूटी वितरण में ब्याज मुक्त ऋण देने, सेनेट्री नेपकिन की सप्लाई और उत्पादन राजीविका से करने और गांवो में इंदिरा रसोई योजना का संचालन राजीविका की महिलाओं को देने की घोषणा की है। वहीं सम्मलेन में राजीविका के बैंक चलाने वाले महिला संगठनों को ऋण वितरित किए गए साथ ही राजीविका के तहत श्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

### गहलोत ने सौंपे चेक

मुख्यमंत्री ने बैंकों की ओर से दिए जाने वाले 381 करोड़ रुपए की ऋण राशि के चेक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सौंपे। साथ ही राजस्थान महिला निधि से दिए जाने वाले 63 करोड़ रुपए, आजीविका संवर्द्धन सहायता द्वारा दिए जाने वाले 160 करोड़ रुपए एवं जलग्रहण विकास कर्न्वजेंस सहायता द्वारा दिए जाने वाले 98 करोड़ रुपए की राशि के चेक भी राजीविका से जुड़ी महिलाओं को प्रदान किए। इस अवसर पर गहलोत ने महिलाओं को स्कूटी की चाबी सौंपी एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया। **43.51 लाख महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर:** महिलाओं को आर्थिक-सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए वर्ष 2010 में सोनिया गांधी की मौजूदगी में बांसवाड़ा से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राजीविका का शुभारम्भ किया गया। राजीविका से प्रदेश में तब से अब तक 3 लाख 60 हजार समूहों में 43 लाख 51 हजार परिवारों की महिलाओं को जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया गया है।

## एक नज़र

### कम्प्यूटर लैब्स के लिए 30.12 करोड़ स्वीकृत



**जयपुर**। राज्य सरकार प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों में कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी की दक्षता विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में स्वीकृत 1255 कम्प्यूटर लैब्स के संचालन के लिए 30.12 करोड़ रूपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी कम्प्यूटर शिक्षा से जुड़कर वर्तमान की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार तकनीकी कौशल प्राप्त कर विद्यार्थी इससे बेहतर करियर बना सकेंगे और प्रतिष्ठित नौकरियां प्राप्त कर सकेंगे।

सीएम ने शुरू की नई सुविधा

## मुंबई में इलाज के दौरान राजस्थान के लोगों को रियायत दर में मिलेगा कमरा

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सरकार द्वारा नवी मुंबई वाशी में स्थित, राजस्थान भवन सरकारी गेस्ट हाउस में एक सुविधा शुरू की है। यदि राजस्थान के प्रवासी को या किसी परिजन का किडनी, कैंसर, हार्ट या लिवर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज मुबंई के किसी निजी या सरकारी अस्पताल में चल रहा हैं तो इलाज के दौरान राजस्थान का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, अस्पताल में इलाज के दस्तावेज दिखने पर करीब 15 दिन के लिए डबल बेड का रूम 400 रुपए प्रति दिन के हिसाब से बुक कर सकते हैं।

इस कमरे की सामान्य बुकिंग दर 3080 रुपए है। 400 रुपए प्रतिदिन की यह सुविधा उच्च शिक्षा के बाद इंटरव्यू के लिए मुंबई आने वाले छात्रों को भी मिल रही है। इसके अलावा यहां रियायती दर पर भोजन व जलपान की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। राजस्थान भवन के उप महाप्रबंधक मनोज तिवारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में राजस्थान के अनेक लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं।

मुंबई महानगर भारत ही नहीं बल्कि विश्व के भी सबसे महंगे मेट्रो सिटीज में आता है। ऐसे में राजस्थान के लोगों के लिए इस सुविधा का होना किसी वरदान से कम नहीं है।




आंदोलन के पोस्टर का किया विमोचन

## शिक्षक बोले-'तबादला नहीं तो वोट नहीं'

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। तृतीय श्रेणी शिक्षकों ने तबादले की मांग को लेकर बार फिर आंदोलन की चेतावनी दी है।

राजस्थान एकीकृत शिक्षक महासंघ के बैनर तले शनिवार को प्रेसवार्ता में शिक्षक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हरपाल दादरवाल ने बताया कि सरकार ने चुनावी घोषणापत्र में यह वादा किया था कि यदि हमारी सरकार बनती है तो जल्द अध्यापकों के स्थानांतरण किए जाएंगे। सरकार बने चाढ़े चार साल बीत जाने के बाद भी ट्रांसफर नहीं हुए। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार तबादला नीति बनाने का झूठा आश्वासन दे रही है, लेकिन ट्रांसफर नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक महासंघ तबादले की मांग को लेकर कई आंदोलन कर चुके हैं। शिक्षकों से 2021 में आवेदन तो लिए गए, लेकिन तबादला सूची जारी नहीं की। महासंघ ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में 'तबादला नहीं तो वोट नहीं आंदोलन' शुरू किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा में पोस्टर लगाकर तबादला नहीं होने का विरोध दर्ज करवाएंगे।

स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों के योगदान विषय पर प्रकट किए विचार

## वैज्ञानिकों ने विज्ञान परम्परा को फिर से किया जीवंत: राज्यपाल

**हिलव्यू समाचार**
**सीकर**। ब्रिटिश शासन की ओर से भारतीय विज्ञान के विकास तथा भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को सही पहचान न देने के बावजूद भारतीय वैज्ञानिको ने न केवल अपना कार्य जारी रखा, बल्कि भारत को नई उपलब्धियां हासिल करने में सहायता की।

जगदीश चन्द्र बसु, महेन्द्र लाल सरकार तथा प्रफुल्ल चन्द रे, सत्येन्द्र नाथ बोस एवं अन्य वैज्ञानिको ने भारतीय गौरव को विश्व भर में स्थापित किया तथा हमारी प्राचीन विज्ञान परम्परा को फिर से जीवंत किया। ये बात राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को सोभासरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में आयोजित कार्यक्रम में कही। वे यहां 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों के योगदान' विषय पर हुए कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में 'आजादी के अमृत महोत्सव' श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित किया गया था। राज्यपाल कलराज मिश्र ने अपने उद्बोधन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों के योगदान एवं अन्य संबधित विषयों पर विचार प्रकट करते हुए भारतीय संस्कृति और वैज्ञानिक सरोकारों से नई पीढ़ी से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया एवं नागरिकों को उनके मूल कर्तव्य से अवगत करवाया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



### डॉक्यूमेंट्री का किया प्रदर्शन

सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में ग्रुप प्राचार्य डॉ. एल सोलंकी के स्वागत भाषण के बाद प्रो. एसएन बोस के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। डॉक्यूमेंट्री में उनके विज्ञान में योगदान के अलावा राष्ट्रीय संघर्ष में योगदान को भी दिखाया गया। डॉ. रणजीत विश्वास ने अपने प्रेजेंटेशन में प्रो. एस. एन. बोस का जीवन परिचय दिया उन्हें महान वैज्ञानिक के साथ-साथ समाज सुधारक तथा देशभक्त भी बताया। उन्होंने बताया कि वह रिसर्च पेपर की अपेक्षा इनोवेशन को अधिक महत्व देते थे। उन्होंने स्वदेशी आंदोलन में भी भाग लिया और वे मातृभाषा के प्रबल समर्थक थे।

### सांसद ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

सीकर सांसद सुमेधानंद ने विद्यार्थियों की ओर से विज्ञान पर तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। सीकर सांसद, बीटीयू वाइस चांसलर एएस विद्यार्थी एवं सोभासरिया ग्रुप प्रतिनिधि सीए सुनील मोर तथा ग्रुप रजिस्ट्रार प्रदीप शर्मा द्वारा अतिथियों के स्वागत के पश्चात विज्ञान भारती सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में उपेक्षित 22 वैज्ञानिकों का जिक्र करते हुए बताया कि यह अभियान उपेक्षित वैज्ञानिकों को प्रकाश में लाने के लिए चलाया जा रहा है। सीकर सांसद ने प्राचीन ग्रंथों वेद, वेदांग तथा उपनिषद का वर्णन करते हुऐ प्राचीन ज्ञान को नवीन विज्ञान से जोड़ा। उन्होंने अपने उद्बोधन में वृहद विमान शास्त्र ग्रंथ का उल्लेख किया जिसमें ध्वनि रहित विमान का वर्णन किया गया है। साथ ही साथ ही सांसद सुमेधानंद ने विज्ञान भारती के इस अभियान की प्रशंसा की।

### राज्यपाल ने जीणमाता में नवाया शीश

राज्यपाल मिश्र ने सीकर में जीणमाता मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर शीश नवाया। मंदिर पुजारी रामावतार पाराशर, अमित पाराशर, बजरंग लाल पाराशर ने राज्यपाल को विधिवत पूजा-अर्चना करवाकर जीणमाता का दुपट्टा और प्रतिमा भेंट की। मंदिर परिसर पहुंचने पर राज्यपाल मिश्र को राजस्थान पुलिस टुकडी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे पूर्व कलेक्टर सौरभ स्वामी, पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख ने राज्यपाल मिश्र की अगवानी की।

ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय के हार्मनी हाल में 'स्पीड, सेफ्टी, स्पिरिचुअलिटी' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई आयोजित

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए मन स्थिर होना जरूरी




**हिलव्यू समाचार**
**माउंट आबू**। आज भारत में एक ओर जहां बहुत तेजी से विकास और प्रगति के कार्य हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं। इन दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है अस्थिर और अशांत मन। इसलिए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चालक का मन स्थिर और शान्त होना बहुत जरूरी है।

यह बात ब्रह्माकुमारीज के ट्रांसपोर्ट विंग द्वारा ज्ञान सरोवर के हार्मनी हाल में 'स्पीड, सेफ्टी, स्पिरिचुअलिटी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कही। भारत के विभिन्न प्रांतों से रोडवेज, रेलवेज, टूरिज्म और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों के पधारे हुए 550 से अधिक प्रतिनिधियों को संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस हाईवे निर्माण के बारे में कुछ बातों का उदाहरण देते हुए महाना ने कहा कि वर्तमान समय में हमारी सड़कें विश्वभर में सबसे अच्छी सड़कों में गिनी जाती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हर सदस्य को यातायात नियमों का पालन करना होगा। मन को सकारात्मक और सशक्त बनाने का काम ब्रह्माकुमारीज बहुत लगन से और देश प्रेम की भावना से कर रही हैं जो बहुत ही सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जन जाग्रति लाने के लिए उपयोगी हैं।

**सकारात्मक सोच से तनाव और क्रोध से मुक्ति:** मुंबई से पधारी प्रभाग की उपाध्यक्षा बीके दिव्यप्रभा ने तनाव और क्रोध के कारण जीवन यात्रा में व्याप्त दुख से मुक्त होने के लिए सकारात्मक सोच को जरूरी बताया। उन्होंने कहा की सड़क दुर्घटनाओं के साथ साथ वैचारिक स्तर पर हर रोज दुर्घटनाएं होती हैं। दूषित विचारों के कारण घर-परिवार में हो रही दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भी आध्यात्मिकता की जरूरत है। बड़ौदा से पधारे रेलवे के इंस्टीट्यूट एनएआईआर के डिप्टी डी. जी. राकेश राजपुरोहित ने आयोजन के उद्देश्य की सराहना करते हुए इस संगोष्ठी की सफलता के लिए भारतीय रेलवे और अपनी संस्था की ओर से शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रोफेसर ई. वी. गिरीश ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन बीके संगीता ने किया।

झीलों की नगरी में आयोजित हुआ भाजपा का जनजाति सम्मेलन

## समाज के उत्थान के लिए केंद्र कृत संकल्पित: मुंडा

**हिलव्यू समाचार**
**उदयपुर**। प्रदेश में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए वोटर को साधने के लिए भाजपा ने बड़े नेताओं को मैदान में उतारना शुरू कर दिया है। इसी के तहत मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में संभागीय जनजाति जनप्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर ने शिरकत की।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सम्मेलन में आदिवासी सरपंचों के साथ चुने हुए प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है और इसके लिए लगातार काम कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान में 6 एकलव्य आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया था। पूरे राजस्थान में 30 ऐसे विद्यालय खोले जाएंगे। इनमें बच्चों को 12वीं तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उदयपुर सांसद अर्जुन लाल मीणा, सांसद कनक मल कटारा ने जनजाति प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया। वहीं कार्यक्रम में वर्तमान व पूर्व सरपंच, उपसरपंच, सहकारी बोर्ड के चेयरमैन, पंचायत समिति व जिला परिषद सदस्य आदि भी शामिल हुए।




### कांग्रेस का ध्यान रहा सत्ता पाने की तरफ

जनजाति जनप्रतिनिधि सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने महाराणा प्रताप, भगवान बिरसा मुंडा, पूंजा भील को नमन करते हुए कहा कि आजादी के 75 वर्षों में कांग्रेस पार्टी ने लंबे समय तक देश और प्रदेश में सत्ता का सुख भोगा, लेकिन उसका ध्यान सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने पर ही रहा। आज यदि आदिवासी जनप्रतिनिधि के रूप में खड़े हैं तो उसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है, जिन्होंने आदिवासी समाज के लिए एक अलग मंत्रालय स्थापित किया। इसके बाद फिर 10 सालों का शासन कांग्रेस पार्टी के समर्थित दलों का रहा। इस दौरान जनजाति क्षेत्र के लोगों की सरकार ने सुध नहीं ली गई।

### आदिवासियों तक पहुंचे लाभ

मुंडा ने सम्मेलन में मौजूद प्रतिनिधियों से कहा कि संविधान हमें जो लाभ देता है वह आदिवासी बंधु तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय में सारे प्रावधान होने के बावजूद कोई कार्य नहीं हो पाया। टीएसपी के क्षेत्रों में जो काम होने चाहिए वह नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चाहते हैं कि 41 मंत्रालयों के कार्य नीचे के स्तर तक कैसे पहुंचे और उसमें हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। केन्द्रीय मंत्री मुंडा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता को फ्री का लाभ देकर पुनः सत्ता में आने की तिकड़मबाजी को आज का जनमानस भलीभांति समझता है। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि बीते 4 वर्षों में कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश को अपराधियों के हाथों में सौंप दिया है।



# रजनीकांत की मूवी में विलेन बनेंगे अमिताभ

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने अपनी फिल्म 'जेलर' से बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है। फिल्म ने रिलीज के महज 8 दिनों में ही दुनियाभर में 400 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। इधर, 'जेलर' धमाल मचा रही थी तो उधर रजनीकांत आध्यात्मिक यात्रा के लिए हिमालय चले गए थे। फिर वो मंदिर में दर्शन करने भी पहुंचे। अब वो अपने काम पर वापस लौट आए हैं और अगली फिल्म को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है। रजनीकांत की अगली फिल्म, जिसे 'थलाइवर170' कहा जा रहा है, इसमें वो एक बार फिर पुलिस वाले की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

लाइफ Style

# यामी गौतम

## एडल्ट सर्टिफिकेट पर दिया जवाब

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिमाचल की रहने वाली यामी गौतम आज के समय में इंडस्ट्री में शानदार काम कर रही है। टीवी से फिल्मों का रुख करने वाली यामी गौतम ने 15 साल इंडस्ट्री में बिताए हैं। इन सालों में वह कभी आईपीएस तो कभी वकील तो कभी टीचर बनकर पर्दे पर फैंस को एंटरटेन करती नजर आई हैं।

इन दिनों उनकी फिल्म 'ओएमजी 2' थिएटर्स में बढ़िया परफॉर्म कर रही हैं। इस बीच यामी गौतम ने 'ओह माय गॉड 2' पर हुए सर्टिफिकेट बवाल से लेकर अपने कामकाज व पर्सनल लाइफ को लेकर हमारे साथ खास बातचीत की। उन्होंने बहन सुरीली गौतम का भी जिक्र किया। ये फीलिंग बहुत अच्छी है। फैंस को हमारी मेहनत और काम पसंद आ रहा है। कई लोग हैं, जो इस फिल्म से खुद को कनेक्ट भी कर पा रहे हैं और इस मजबूत विषय की तारीफ कर रहे हैं। हां, काम करते-करते आपको ये समझ आने लगता है कि आपकी ये फिल्म कैसी हो सकती है। मैं भी जब इस फिल्म पर काम कर रही थी तो ये कॉन्फिडेंस आ गया था कि ये जरूर फैंस को पसंद आएगी। देखिए, 'गदर' ऐसी फिल्म है, जिसे लेकर मेरी भी एक्साइटमेंट थी। मैं शायद उस वक्त स्कूल में रही होंगी, जब मैंने 'गदर एक प्रेम कथा' देखी थी। लाजमी है कि इस आइकॉनिक फिल्म को लेकर फैंस के बीच क्रेज होगा ही। मैं भी बहुत खुश हूं 'गदर 2' की सफलता से। वहीं, 'ओएमजी 2' भी ऐसी फिल्म है, जिसकी अपनी एक ऑडियंस है। फिल्म की कमाई होना भी बहुत जरूरी पार्ट होता है।



हॉलीवुड मसाला



# पार किया 150 करोड़ का आंकड़ा

लॉस एंजिलिस। बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 15 दिन बाद स्टार डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलान की फिल्म 'ओपेनहाइमर' 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई थी। अब धीरे-धीरे यह 150 करोड़ क्लब में भी शामिल हो चुकी है। परमाणु बॉम्ब के आविष्कार और उसके पहले धमाके की कहानी सुनाती इस फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह आंकड़ा गदर-2 और OMG-2 जैसी फिल्मों के साथ मुकाबला करते हुए टच किया है।



# अंतरिक्ष में जाने वाले जिद्दी किसान की कहानी होगी

लॉस एंजिलिस। भारतीय चंद्रयान 3 चांद की सतह पर पहुंचने वाला है। ऐसे में याद आती हैं वो सारी फिल्में जिनमें अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों के सफर को दिखाया गया है। प्राइम वीडियो पर ऐसी ही एक फिल्म आने वाली है जिसमें एक जिद्दी किसान की कहानी दिखाई जाएगी जो अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन का सफर तय करता है। प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी फिल्म 'अ मिलियन माइल्स अवे' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। यह फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित है, जिसमें माइकल पीना, जोस हर्नांडिज का किरदार निभाएंगे। जोस अंतरिक्ष यात्री बनने और अंतरिक्ष में जाने वाले पहले मैक्सिकन किसान थे। यह सच्ची कहानी दिखाती फिल्म 15 सितंबर, 2023 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। ट्रेलर में अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के भी सीन्स देखने को मिलेंगे।



# पकड़ा गया लिपस्टिक वाला झूठ...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का एक ताजा वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने होठों पर लिपस्टिक लगाती नजर आ रही हैं। आलिया भट्ट का यह वीडियो यूं तो बहुत ही सामान्य है, लेकिन इस पर लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया है। वजह है आलिया भट्ट का हाल ही में वायरल हुआ वो बयान, जिसमें उन्होंने बताया था कि वह लिपस्टिक जरा अलग ढंग से लगाती हैं। आलिया भट्ट ने वोग के साथ इंटरव्यू में बताया था कि उनके पति रणबीर कपूर को उनका लिपस्टिक लगाना तभी से पसंद नहीं है, जब वह उनके बॉयफ्रेंड थे। आलिया भट्ट ने कहा था कि वह अपने होठों पर लिपस्टिक लगाने के बाद इसे पोछ देती है और बहुत नैचुरल शेड रहने देती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके पति को उनके होठों का मूल रंग ज्यादा पसंद आता है।



# 'जवान'... टूटेगा 'पठान' का रिकॉर्ड...

**मुंबई।** अमेरिका और यूएई समेत कई जगहों पर शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक कई जगहों पर इसे 'पठान' से कहीं बेहतर रिस्पॉन्स मिल रहा है। मालूम हो कि 7 सितंबर को 'जवान' दुनिया भर में एक साथ रिलीज हो रही है। इस फिल्म को शाहरुख खान का साउथ सिनेमा में डेब्यू माना जा रहा है। 'जवान' को हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगू में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म को 2D के अलावा IMAX में भी रिलीज किया जाएगा। सिर्फ अमेरिका के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो 'जवान' को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है और अभी तक इसके 4800 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। यानि 289 लोकेशन्स से फिल्म अभी तक 74200 अमेरिकी डॉलर्स कमा चुकी है।

टीवी मसाला



# तारक मेहता... के एक्टर्स को बताया गिरगिट

**मुंबई।** टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते काफी वक्त से सुर्खियां बटोर रहा है। हाल ही में शो के प्रोड्यूसर असित मोदी पर एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री ने कई तरह के आरोप लगाए थे। वहीं, अब शो के पूर्व डायरेक्टर मालव राजदा ने शो को लेकर कई तरह के खुलासे किए हैं। जिसके बाद यह एक बार फिर चर्चाओं में आ गया है। करीब 14 साल तक शो से जुड़े रहने वाले मालव राजदा ने शो के एक्टर्स को गिरगिट तक कह दिया है। फैंस के साथ एक चैट सेशन में मालव राजदा से जब शो के एक्टर्स के साथ उनके बॉन्ड के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल, अमित भट्ट, अजहर शेख, पलक सिंधवानी, अंबिका राजनकर और अमित भट्ट जैसे एक्टर्स का नाम लेकर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि शो के ज्यादातर कलाकार गिरगिट की तरह हैं। उनके इस बयान से हर कोई हैरान है।

# टेंशन और बोरियत के बीच देखें हंसी-मजाक की सीरीज




मुंबई। कुछ लोग क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज के शौकीन होते हैं। कुछ हॉरर वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं तो कुछ ऐसे भी होते हैं जिन्हें कॉमेडी वेब सीरीज देखना अच्छा लगता है। इन्हीं लोगों के लिए आज हम ओटीटी पर मौजूद कुछ टॉप कॉमेडी वेब सीरीज की लिस्ट निकालकर लेकर आए हैं। आइए जानते हैं अमेजन प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, जी5 जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मौजूद ये टॉप कॉमेडी हिंदी वेब सीरीज के बारे में। अली फजल की वेब सीरीज 'बैंग बाजा बारात' में रोमांस, कॉमेडी और फैमिली ड्रामा तीनों का तड़का लगा हुआ है। दिलचस्प बात तो ये है कि प्राइम वीडियो की इस वेब सीरीज को रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की फिल्म 'बैंड बाजा बारात' के थीम पर बनाया गया है।

# ऋतिक के साथ काम करने की इच्छा

**मुंबई।** निर्माता -निर्देशक अनिल शर्मा की फिल्म 'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। जब से इस फिल्म का ट्रेलर और गाने रिलीज हुए हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच खूब उत्सुकता देखने को मिल रही थी। सनी और अमीषा की फिल्म को दर्शकों की अच्छी खासी प्रतिक्रिया मिल रही है और यह बॉक्स ऑफिस पर भी जबर्दस्त प्रदर्शन कर रही है। अब अमीषा ने ऋतिक रोशन संग काम करने की इच्छा जाहिर की है। तो चलिए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है। सनी देओल और अमीषा पटेल अभिनीत फिल्म 'गदर 2' बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ रही है। सलमान खान और कार्तिक आर्यन जैसी हस्तियां भी फिल्म की प्रशंसा करने में प्रशंसकों के साथ शामिल हो गई हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू ने फिल्म की सफलता के लिए दर्शकों का आभार व्यक्त किया है और ऋतिक संग काम करने की अपनी इच्छा जाहिर की है। अभिनेत्री ने दर्शकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'मैं अपने दर्शकों को धन्यवाद देती हूं। सभी प्यारे लोगों को धन्यवाद देती हूं। टिकट लेने के लिए लंबी लाइनों में लगना, कई बार जाना और हमारी फिल्मों को देखना किसी चुनौती से कम नहीं होगी। किसी भी फिल्म को हिट कराने में दर्शकों का अहम योगदान होता है। हालांकि, दर्शकों के बाद मैं भगवान को शुक्रिया कहूंगी।'



# अर्जुन के पोस्ट के बाद ब्रेकअप की चर्चा

**मुंबई।** अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल हैं। दोनों की साथ की तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर तहलका सा मच जाता है। कपल चर्चा में होता रहता है लेकिन उनके ब्रेकअप की खबरें भी आती रहती हैं। इससे पहले भी कपल के अलग होने की अफवाह उड़ी लेकिन तब उन्होंने इससे इनकार किया था। हाल ही में अर्जुन कपूर ने अपने सोशल मीडिया पेज पर वेकेशन की फोटोज शेयर की थीं। वह अकेले ही वेकेशन पर निकल गए। इधर मलाइका अरोड़ा को मुंबई में एपी ढिल्लन के कार्यक्रम में देखा गया। दोनों की अलग-अलग जगहों से फोटोज आने के साथ ही इंटरनेट पर यह गॉसिप शुरू हो गई कि क्या वे दोनों अलग हो गए हैं। अर्जुन कपूर ने जो फोटोज शेयर कीं उसके साथ उन्होंने लिखा कि 'जिंदगी छोटी है, वीकेंड्स लंबा बनाएं।' कमेंट सेक्शन में कई यूजर्स ने उनसे पूछा भी कि आखिर मलाइका उनके साथ क्यों नहीं हैं तो कई ने उनके ब्रेकअप होने की भी बात कही।



## ज्यादा मात्रा में प्रोटीन खाने से फूड क्रेविंग्स होगी महसूस

# वजन घटाने के लिए हाई प्रोटीन डाइट पर हैं तो जान लें नुकसान

आजकल लोग सोशल मीडिया और इंटरनेट के जरिए अपने लिए डायटीशियन की सलाह लेते हैं। जिससे कि खुद को फिट और स्लिम बनाया जा सके। अक्सर वेट लॉस और फैट लॉस के लिए लोगों को हाई प्रोटीन डाइट की सलाह दी जाती है। लेकिन बिना अपनी बॉडी की जरूरत को समझे हाई प्रोटीन डाइट पर रहना आपके सेहत के लिए नुकसानदायक है। अगर आपके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन रोजाना की डाइट से मिल जा रहा है और आप पतले होने के चक्कर में हाई प्रोटीन डाइट को फॉलो करते हैं। तो इससे सेहत को ये सारे नुकसान उठाने पड़ सकते हैं।

### डिप्रेशन का खतरा

जरूरत से ज्यादा मात्रा में प्रोटीन खाना और मोटापे के डर से कार्बोहाइड्रेट को डाइट से कट कर देना मेंटल हेल्थ पर असर डालता है। क्योंकि कार्बोहाइड्रेट की कमी सेराटोनिन हार्मोन को ठीक से रिलीज होने मे बाधा बनती है। नतीजा इंसान को खुशी कम महसूस होती है और एनर्जी लेवल भी काफी डाउन रहता है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में प्रोटीन डिप्रेशन में डाल सकता है।

### किडनी को नुकसान

ज्यादा प्रोटीन किडनी में जाकर जमा होने लगता है और पेट में एसिड बनाता है। जिसकी वजह से यूरिनेशन की जरूरत महसूस होती है और नतीजा इंसान ज्यादा डिहाइड्रेशन मसहसूस करता है।



### एनिमल प्रोटीन

खासतौर पर जब आप एनिमल प्रोटीन को खाते हैं तो ये डाइजेशन को प्रभावित करता है। क्योंकि इसे पचाने के लिए डाइजेशन सिस्टम को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

### वजन बढ़ने का खतरा

अगर आपने बहुत सारी एक्सरसाइज के साथ प्रोटीन डाइट ली है और एक्सरसाइज करना छोड़ दिया है तो सारी मेहनत पर पानी फिर सकता है। ज्यादा मात्रा में प्रोटीन खाने से फूड क्रेविंग्स ज्यादा महसूस होती है।

### लिवर और हड्डियों पर स्ट्रेस

ज्यादा प्रोटीन खाने से किडनी और लिवर ज्यादा काम करते हैं और इन अंगों पर स्ट्रेस बढ़ता है।

# 123 फिल्में...पर नहीं छूआ 500 करोड़ का आंकड़ा



**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक ऐसे अभिनेता भी हैं जो पिछले 35 साल से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। उन्होंने अपने 35 साल के करियर में तकरीबन 123 फिल्मों में अभिनय किया। एक के बाद एक हिट फिल्में दीं। लेकिन, अभी तक 500 करोड़ के क्लब में अपनी जगह नहीं बना पाए। उनकी एक भी फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है। ये अभिनेता कोई और नहीं बल्कि सलमान खान हैं। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान के करियर की अब तक की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'टाइगर जिंदा है' रही है। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 339.16 करोड़ रुपए की कमाई की थी। रिपोर्ट में ये जानकारी भी दी गई है कि सलमान खान की 300 करोड़ के क्लब में तीन फिल्में, 200 करोड़ के क्लब में तीन फिल्में और 100 करोड़ के क्लब में 10 फिल्में रही हैं। लेकिन, वह अभी तक 500 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं।

# 90 मीटर लक्ष्य, नीरज के पास सारे पदक, बस वर्ल्ड चैंपियन बनना बाकी

90 मीटर दूरी का लक्ष्य लिए भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा की पदकों की अलमारी में सिर्फ विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण की कमी है। अब इस सुपरस्टार खिलाड़ी की निगाहें शनिवार से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में इसी कमी को पूरा करने पर लगी हैं। चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीता। 2018 में एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद वह पिछले साल डायमंड लीग चैंपियन भी बन गए।

एजेंसी ▸▸| बुडापेस्ट

नीरज चोपड़ा ने अमेरिका में 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और वह इस बार यहां स्वर्ण पदक के दावेदारों में शुमार होंगे क्योंकि किसी भी प्रतिभागी को भी यहां प्रबल दावेदार नहीं कहा जा सकता। अगर चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत लेते हैं तो वह निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप की व्यक्तिगत स्पर्धा में पीला तमगा जीतने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे। बिंद्रा 2008 में व्यक्तिगत स्पर्धा का ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे, उन्होंने 2006 में जगरेब में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया था।



विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज आज

## 90 मीटर की दूरी पार करने के करीब

भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पिछले कुछ समय से 90 मीटर की दूरी पार करने का प्रयास कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि वह यह लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं और उन्हें इसके लिए केवल अनुकूल परिस्थितियों की जरूरत है। तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता चोपड़ा पिछले साल 90 मीटर की दूरी तक भाला फेंकने के बेहद करीब पहुंच गए थे। तब उन्होंने स्टॉकहोम में डायमंड लीग प्रतियोगिता में 89.94 मीटर भाला फेंका था।

## लंबी कूद से पदक की आस

अन्य स्पर्धाओं में पुरुषों की लंबी कूद से पदक की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जिसमें जेस्विन एल्ड्रिन (8.42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8.41 मीटर) इस सत्र में विश्व सूची की अगुआई कर रहे हैं।



एल्ड्रिन ने मार्च के शुरू में बेलारी में शानदार कूद लगाई लेकिन इसके बाद से वह आठ मीटर को छूने में जूझ रहे हैं। उन्होंने स्विट्जरलैंड के बर्न में सिटियस प्रतियोगिता 8.22 मीटर से जीती थी। श्रीशंकर उनकी तुलना में कहीं ज्यादा निरंतर रहे हैं। उन्होंने जून में भुवनेश्वर में 8.41 मीटर से व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह बैंकॉक एशियाई चैम्पियनशिप में 8.37 मीटर की कूद (रजत पदक) के बाद विश्व चैंपियनशिप में प्रवेश कर रहे हैं।

## साबले बेस्ट प्रदर्शन को तैयार




पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेस में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अविनाश साबले स्टार सुसज्जित खिलाड़ियों में शीर्ष स्तरीय प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। वह शनिवार को हीट में उतरेंगे। भारत का अभियान पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल से शनिवार को शुरु होगा जिमसें आकाशदीप सिंह, विकास सिंह और परमजीत सिंह हिस्सा लेंगे, हालांकि उनसे पदक की आस नहीं है। प्रतियोगिता के पहले दिन शैली सिंह महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा में हिस्सा लेंगी जबकि अजय कुमार सरोज पुरुषों की 1500 मीटर हीट में उतरेंगे। पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में तीन भारतीय प्रवीण चित्रावेल, अब्दुल्ला अबुबाकर और एल्डोस पॉल हिस्सा लेंगे।

## जेना को मिला हंगरी का वीजा

भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना को 19 से 27 अगस्त तक बुडापेस्ट में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए शुक्रवार को हंगरी की यात्रा के लिए वीजा मिल गया। इस खबर की पुष्टि करते हुए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के एक सूत्र ने कहा कि शुक्रवार सुबह उनके साक्षात्कार के बाद वीजा को मंजूरी दे दी गई है। उन्हें कुछ समय के बाद यात्रा संबंधी दस्तावेज मिल जाएंगे। बुधवार को भारत में हंगरी के दूतावास ने जेना का वीजा आवेदन रद्द कर दिया।

## खबर संक्षेप



### राहुल ने की बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग

**बेंगलुरु।** केएल राहुल ने शुक्रवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में मैच की परिस्थितियों के अनुसार अभ्यास के दौरान काफी देर तक बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए अपनी तत्परता दिखाई जो एशिया कप और वनडे विश्व कप से पहले भारत के लिए मनोबल बढ़ाने वाली खबर है। इसे देखते हुए पूरी संभावना है कि राहुल एशिया कप के लिए श्रीलंका की यात्रा कर सकते हैं जिसके लिए भारतीय टीम का चयन 21 अगस्त को होगा।

### मैराथन में भाग लेंगे 20 हजार एथलीट

**मुंबई।** देशभर के 20,000 से अधिक एथलीट रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन के विभिन्न वर्गों में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के छह सत्रों में



यह पहला अवसर है जबकि इतने अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बांद्रा कुर्ला परिसर में जिओ गार्डन से सभी वर्गों की दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रतिष्ठित हाफ मैराथन के लिए पुरुष और महिला वर्ग में 5100 से अधिक एथलीटों ने पंजीकरण कराया है। इसके अलावा 10 किमी दौड़ के लिए 9000 और पांच किमी दौड़ के लिए 5900 एथलीटों ने पंजीकरण कराया है।

### ट्रांसजेंडर महिलाओं पर लगाया प्रतिबंध

**जेनेवा।** विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने अपना लिंग परिवर्तन कराकर पुरुष से महिला बने यानि ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों पर




महिला प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंध लगा दिया है। फिडे ने कहा है कि जब तक उसके अधिकारी लिंग परिवर्तन की समीक्षा नहीं कर लेते तब तक ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। उसके इस फैसले की ट्रांसजेंडर अधिकारों के समर्थकों ने कड़ी आलोचना की है।

### महिला सब जूनियर कोर ग्रुप का चयन

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने राउरकेला में 21 अगस्त से शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए शुक्रवार को 40 सदस्यीय महिला सब जूनियर कोर ग्रुप गठित किया। यह शिविर पूर्व भारतीय कप्तान



रानी रामपाल की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। हॉकी इंडिया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय सब जूनियर चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में लगाए जाने वाले इस शिविर के बाद भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने के लिए यूरोप का दौरा करेगी।

**टी20 : तीन मैचों की श्रृंखला में बनाई 1-0 से बढ़त**

# भारत ने डकवर्थ लुईस प्रणाली से आयरलैंड को 2 रन से हराया

एजेंसी ▸▸| डबलिन

लंबे समय बाद वापसी कर रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने वर्षाबाधित पहले टी20 मैच में आयरलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर दो रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।

करीब एक साल बाद चोट के बाद टीम में लौटे बुमराह ने 24 रन देकर दो विकेट लिए जबकि पहला टी20 मैच खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। आयरलैंड ने आठवें नंबर के बल्लेबाज बैरी मैकार्थी के नाबाद अर्धशतक की मदद से सात विकेट पर 139 रन बनाए। मैकार्थी ने 33 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 51 रन की नाबाद पारी खेली। भारतीय कप्तान बुमराह ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। आयरलैंड ने 11वें ओवर में छह विकेट 59 रन पर गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद कुर्टिस कैम्फर (39) और मैकार्थी ने सातवें विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। मैकार्थी ने अपना पहला अर्धशतक अर्शदीप को आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर पूरा किया।




### भारतीय ओपनरों की शानदार साझेदारी

जीत के लिए 140 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के लिए यशस्वी जायसवाल (23 गेंद में 24 रन) और ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 19) ने 6.2 ओवर में 46 रन जोड़े। क्रेग यंग ने हालांकि जायसवाल और तिलक वर्मा (0) को पवेलियन भेजर भारत को दोहरे झटके दिए थे। बारिश रूकती नहीं देखकर अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार छह बजकर 15 मिनट पर खेल रद्द करने का फैसला किया। दूसरा टी20 रविवार को यहां खेला जाएगा।

### रिंकू, कृष्णा ने किया डेब्यू

रिंकू सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा को कप्तान जसप्रीत बुमराह ने डेब्यू कैप दी। बुमराह ने करीब 11 महीने बाद कोई इंटरनेशनल मैच खेला।



### स्कोर बोर्ड

| आयरलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एंडी बालबर्नी बो बुमराह | 04 | 02 | 1 | 0 |
| पॉल स्टर्लिंग बो बिश्नोई | 11 | 11 | 1 | 0 |
| टकर का सैमसन बो बुमराह | 00 | 03 | 0 | 0 |
| हैरी टेक्टर का वर्मा बो कृष्णा | 09 | 16 | 1 | 0 |
| कुर्टिस कैम्फर बो अर्शदीप | 39 | 33 | 3 | 1 |
| जॉर्ज का गायकवाड़ बो कृष्णा | 01 | 03 | 0 | 0 |
| एडेयर पगबाधा बो बिश्नोई | 16 | 16 | 2 | 0 |
| बैरी मैकार्थी नाबाद | 51 | 33 | 4 | 4 |
| क्रेग यंग नाबाद | 01 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 139/7
गेंदबाजी : बुमराह 4-0-24-2, अर्शदीप 4-0-35-1, कृष्णा 4-0-32-2, बिश्नोई 4-0-23-2, दुबे 1-0-6-0, सुंदर 3-0-19-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्टर्लिंग बो यंग | 24 | 23 | 3 | 1 |
| ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद | 19 | 16 | 1 | 1 |
| तिलक का टकर बो यंग | 00 | 01 | 0 | 0 |
| संजू सैमसन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 6.5 ओवर में 47/2
गेंदबाजी : एडेयर 1-0-10-0, लिटिल 3-0-20-0, मैकार्थी 2-0-14-0, यंग 0.5-0-2-2.

# ईशा और शिवा बने वर्ल्ड चैंपियन टर्कीश जोड़ी को 16-10 से हराया

**विश्व चैंपियनशिप : दो पदकों के साथ दूसरे स्थान पर भारत**



एजेंसी ▸▸| बाकू

निशानेबाज ईशा सिंह और शिवा नरवाल ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय खेमे को खुश कर दिया।

इस भारतीय जोड़ी ने स्पर्धा के फाइनल में तुर्की की इलायडा तरहान और यूसुफ डिकेच की जोड़ी को 16-10 से पराजित कर देश के पदकों की संख्या दो कर दी। भारत इस समय एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर चल रहा है जबकि चीन पांच स्वर्ण और दो कांस्य पदक से शीर्ष पर काबिज है।

भारतीयों ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें ईशा ने 290 और नरवाल ने 293 अंक जुटाए। उनका कुल स्कोर 583 रहा जिससे उन्हें क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने में मदद मिली और तुर्की की जोड़ी 581 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर रही। चीन और ईरान ने समान 580 अंक जुटाए लेकिन 'इनर 10' की बदौलत चीन तीसरे स्थान से फाइनल के लिए क्वालीफाई हुआ।

## कार्लोस और इगा की संघर्षपूर्ण जीत


*मेसन। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज और इगा स्वियातेक ने वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अल्कराज ने बारिश से बाधित मैच में अमेरिका के 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को तीन घंटे नौ मिनट तक चले मैच में 7-6 (6), 6-7 (0), 6-3 से हराया। स्पेन के इस खिलाड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट गंवाने के बाद वापसी की। महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी स्वियाटेक ने बुधवार को वीनस विलियम्स को हराने वाली चीन की झेंग क्विवेन पर 3-6, 6-1, 6-1 से जीत दर्ज की। इगा का अगला मुकाबला चेक गणराज्य की 10वीं वरीयता प्राप्त मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा जिन्होंने अमेरिका की सलोनी स्टीफंस को 7-5, 6-3 से पराजित किया। इस बीच पुरुष और महिला वर्ग में उलटफेर भी देखने को मिले।*

## इंटर मियामी से जुड़कर बहुत खुश हूं : मेसी

एजेंसी ▸▸| फोर्ट लॉडरडेल

अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी से जुड़ने के बाद पहली बार सार्वजनिक बयान देते हुए कहा कि वह अमेरिका के इस क्लब से जुड़कर बहुत खुश हैं।

जब से यह स्टार फुटबॉलर इंटर मियामी से जुड़ा है तब से प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों से लेकर फुटबॉल प्रशंसकों के बीच केवल मेसी को लेकर चर्चा हो रही है। मेसी ने कहा, 'शुरुआत से ही मेरे यहां पहुंचने के



बाद हमारा जबरदस्त स्वागत किया गया। आज मैं आपसे कह सकता हूं कि मैंने जो फैसला किया उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं यहां खेलने और फुटबॉल का आनंद लेने के लिए आया हूं।'

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 6-2 से हराया

**डसेलडोर्फ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के खिलाफ 6-2 की रोमांचक जीत से चार देशों के टूर्नामेंट में अपना अभियान शुरु किया। रोहित ने 28वें और 45वें मिनट में और सुदीप चिरमाको ने 35वें और 58वें मिनट में दो दो गोल दागे जबकि अमनदीप लकड़ा ने 25वें मिनट और बॉबी सिंह धामी ने 53वें मिनट में भारत के लिए एक एक गोल किया। स्पेन की ओर से निकोलस अल्वारेज ने पहले और गुईयू कोरोमिनास ने 23वें मिनट में एक एक गोल किया। भारत अब शनिवार को मेजबान जर्मनी से भिड़ेगा।

## पंघाल ने रचा इतिहास, सविता को भी स्वर्ण

एजेंसी ▸▸| अम्मान

अंतिम पंघाल शुक्रवार को इतिहास रचते हुए लगातार दो बार अंडर 20 विश्व खिताब जीतने वाली भारत की पहली महिला पहलवान बन गई जिसने यहां 53 किलोवर्ग में खिताब अपने नाम किया । सविता ने भी 62 किलोवर्ग में खिताब जीता और भारतीय महिला टीम ने इस खेल के इतिहास में पहली बार विश्व चैंपियनशिप टीम खिताब अपने नाम किया। प्रिया मलिक ने गुरुवार को 76 किलोवर्ग में खिताब जीता था। भारत के सात पहलवानों ने इस बार पदक जीता है जिनमें तीन स्वर्ण शामिल हैं। अंतिम कुंडू (65 किलो) ने रजत और रीना (57 किलो) ,



आरजू (68 किलो) और हर्षिता (72 किलो) ने कांस्य पदक जीते।

हरियाणा के हिसार की रहने वाली पंघाल ने यूक्रेन की मारिया येफ्रेमोवा को 4-0 से हराकर खिताब जीता। उसने पूरे टूर्नामेंट में इतना जबर्दस्त प्रदर्शन किया कि सिर्फ दो अंक गंवाए। उसने साबित कर दिया कि एशियाई खेलों के ट्रायल के लिये विनेश फोगाट को चुनौती देना अति



आत्मविश्वास नहीं था। पिछले साल वह जूनियर विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी थी और अब सीनियर स्तर पर भी खेलती हैं। अपनी फुर्ती और दिमाग के जबर्दस्त इस्तेमाल से उसने विरोधी के पैर पर लगातार हमले बोले। दाहिने पैर पर हमला बोलकर उसने विरोधी को चित कर दिया।

## थिरिमाने का क्रिकेट से संन्यास मंजूर

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज लाहिरु थिरिमाने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



स्वीकार कर लिया गया है। जनवरी 2010 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 34 वर्षीय थिरिमाने ने सोशल मीडिया के जरिए जुलाई में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से अलविदा कहने की घोषणा की थी। श्रीलंका क्रिकेट ने कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने लाहिरु थिरिमाने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अलविदा कहने के फैसले को स्वीकार लिया है।'

**अन्य एनाबोलिक एजेंट / एसएआरएमएस' वाडा द्वारा प्रतिबंधित पदार्थ**

# नाडा के चार साल के प्रतिबंध को चुनौती देंगी दुती चंद

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में दो रजत पदक जीतने वाली महिला एथलीट दुती चंद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उन पर लगाए गए चार साल के प्रतिबंध को चुनौती देंगी। वह नाडा की टूर्नामेंट के इतर प्रतिबंधित पदार्थ की डोप जांच में विफल रही थीं। 27 साल की दुती पर गुरुवार को प्रतिबंध लगाया गया था।

इस 100 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एथलीट के दो नमूनों में 'अन्य एनाबोलिक एजेंट / एसएआरएमएस' मौजूद थे जो वाडा की 2023 प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं। ये नमूने पांच और 26 दिसंबर को लिए गए थे और दोनों ही एक समान पदार्थ के पॉजिटिव पाए गए थे। 'एसएआरएमएस' (सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मोड्यूलेटर) ऐसे 'नॉन स्टेराइड' पदार्थ हैं जिन्हें आमतौर पर आस्टियोपोरोसिस, अनीमिया और मरीजों में जख्मों से उबरने के लिए किया जाता है। दुती पर लगा प्रतिबंध इस साल तीन जनवरी से प्रभावी होगा और पांच दिसंबर 2022 को लिए गए पहले नमूने की इस तारीख से उनके सभी प्रतिस्पर्धी नतीजे हटा दिए जाएंगे। दुती ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीती थी और उनके नाम 2021 से 100 मीटर में 11.17 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### अनजाने में लिया प्रतिबंधित पदार्थ




*गोस्वामी ने कहा, 'हमारे लिए यह मामला स्पष्ट तौर पर अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का है। हम इस पदार्थ का स्रोत भी स्पष्ट रूप से जान पाए जो पूरी तरह से उनके इरादे का ठोस सबूत है। इस पदार्थ का इस्तेमाल कभी भी खेल में फायदा उठाने के लिए नहीं किया गया था। हम अपील दायर करने की प्रक्रिया में हैं। हमें उम्मीद है कि हम अपीलीय पैनल को यह बात समझाने में सफल रहेंगे।' दुती भारत का गौरव हैं और वह पूरी तरह से 'क्लीन एथलीट' हैं। एक दशक के चमकदार करियर के दौरान दुती अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई डोप जांच से गुजर चुकी हैं और इतने लंबे करियर में वह कभी भी डोप के मामले में पॉजिटिव नहीं आयीं।'*

### फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह से लिया दवाई

एथलीट और उनके वकील ने प्रस्तुत किया कि यह फिजियोथेरेपिस्ट पुलेला गोपीचंद अकादमी का था जहां यह खिलाड़ी विशेष अनुमति के अंतर्गत ट्रेनिंग ले रही थीं। दुती के वकील ने यह भी प्रस्तुत किया कि यह खिलाड़ी 'हाइपरएंड्रोजनिक' से पीड़ित थी जिसके कारण उनके 'पेट में काफी तेज दर्द' था जिसके लिए ही यह उपचार किया गया था। एडीडीपी ने कहा कि एथलीट ने दवाई खरीदने के लिए अपने दोस्त की मदद ली जो इस मामले में गवाह भी हैं।

## वर्ल्ड कप का मस्कट लॉन्च: महिला बॉलर और पुरुष बैटर की थीम पर बनाया



**नई दिल्ली।** ICC ने वनडे वर्ल्ड कप का ऑफिशियल मस्कट लॉन्च कर दिया है। मस्कट को महिला बॉलर और पुरुष बैटर की थीम पर बनाया गया है। पुरुष मस्कट के हाथ में बैट और महिला मस्कट के हाथ में बॉल दिखाई गई है। ICC ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर मस्कट का वीडियो भी शेयर किया, इसमें भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह नजर आए। ICC के मस्कट लॉन्च इवेंट में भारत की अंडर-19 विमेंस टीम की कप्तान शेफाली वर्मा और अंडर-19 पुरुष टीम के कप्तान यश धुल भी मौजूद रहे। इवेंट दिल्ली NCR के गुड़गांव में आज शाम 4 बजे हुआ।



# ग्रुप सेंटर में चार करोड़वां पौधा रोपा, 3 भवनों का लोकार्पण भी किया

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने सीआरपीएफ को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के सुत्याना स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ग्रुप सेंटर में चार करोड़वां पौधा रोपा। शाह ने यह पौधरोपण अखिल भारतीय पौधरोपण अभियान के तहत किया है। उन्होंने सीएपीएफ के 8 परिसरों में नवनिर्मित 15 भवनों का उद्घाटन किया।



### सांसद के घर भी गए

कृभको में बैठक के बाद गृह मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा के निवास स्थल गए। वहां उन्होंने दोपहर का भोजन किया। इसके साथ डॉक्टर महेश शर्मा ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस मुलाकात ने उन अटकलों को भी शांत कर दिया। इसमें डॉक्टर महेश शर्मा के पार्टी में कद कम होने की बात कही जा रही थी।

### बच्चों से कहा- खूब पढ़ो, ताकि नाम रोशन करो

उन्होंने सीआरपीएफ कैंप की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। यहां बने आठ भवन भी शामिल है। उन्होंने पौधरोपण के दौरान वहां मौजूद बच्चों से भी बात की। उनसे कहा कि खूब पढ़ो, ताकि अपना और देश का नाम रोशन कर सको।

### सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में पौधरोपण का महत्व बताया

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों व लोगों को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 'जब हम एक पेड़ लगाते हैं, तो हम नई पीढ़ियों के लिए ऑक्सीजन की व्यवस्था कर रहे होते हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने और कार्बन डाइऑक्साइड के उत्पादन को कम करने की आवश्यकता है।

### 12 जुलाई 2020 को पौधरोपण अभियान शुरू किया

शाह ने 12 जुलाई 2020 को इस वृहद, मानवीय और अनूठे पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया था। सीआरपीएफ ने 2020 से 2022 तक केवल तीन वर्ष के छोटे अंतराल में पूरे देश में सामूहिक रूप से 3.55 करोड़ से अधिक पौधे लगाए हैं।

### यह भी कहा-लंबी आयु के पौधे लगाने चाहिए

इसमें जलवायु के अनुरूप पौधों की संख्या और प्रजातियों का आंकलन किया गया और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई।निश्चित किया गया कि पौधे देसी प्रजातियों के हों और कम से कम पचास प्रतिशत पौधे 100 वर्ष से अधिक के हों।

### वन नेशन वन फर्टिलाइजर स्कीम पर की बात

सेना के हेलीकॉप्टर से ग्रेटर नोएडा पहुंचे शाह कृभको भवन में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के साथ बैठक में पहुंचे। इस दौरान वन नेशन वन फर्टिलाइजर स्कीम के बारे में बातचीत की। उसकी समीक्षा भी की। उनके आगमन को लेकर प्रशासन और प्राधिकरण स्तर पर तैयारियां हो चुकी है।

## एक नज़र


### विमान में हंगामा, केबिन क्रू की तस्वीरें खींची

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक यात्री की गलत हरकत सामने आई है। 2 अगस्त को दिल्ली से मुंबई जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी 157 में हंगामा देखने को मिला। पहली पंक्ति में बैठे एक यात्री को केबिन क्रू की तस्वीरें खींचते हुए पाया गया। टेक-ऑफ के समय जब केबिन क्रू जंप सीट पर बैठी थी, तब यात्री ने फोटो खीचीं। यात्री का चालक दल के सदस्यों से इसके बाद विवाद हुआ।



### रिया की हत्या, तलाकशुदा और बच्चे का पता छिपाया

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हुए लिव-इन पार्टनर हत्याकांड में नया ट्विस्ट सामने आया है। जानकारी मिली है कि आरोपी ऋषभ को रिया ने इस बात से अनजान रखा था कि वह तलाकशुदा है और उसकी एक बच्ची भी है। ऋषभ के सामने जब इस बात का खुलासा हुआ तो उसने अपनी लिव-इन पार्टनर को गोली मार दी। ऋषभ को रिया के किसी अन्य युवक से संबंधों का भी शक था।



### तेलंगाना में दावेदारों से शुल्क वसूलेगी कांग्रेस

**हैदराबाद।** कांग्रेस की तेलंगाना इकाई राज्य विधानसभा चुनाव को लड़ने की योजना बना रहे उम्मीदवारों के आवेदन स्वीकार करेगी। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के मॉडल जैसे तेलंगाना इकाई भी चुनाव लड़ने वाले एससी और एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों से 'आवेदन' के लिए 25,000 रुपए और सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों से 50,000 रुपए लेगी।



### आरजेडी के पूर्व सांसद डबल मर्डर में दोषी करार

**नई दिल्ली।** बिहार की महाराजगंज लोकसभा सीट से तीन बाद जद यू व एक बार राष्ट्रीय जनता दल के सांसद रह चुके प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने डबल मर्डर केस में प्रभुनाथ सिंह को दोषी करार दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के डीजीपी और मुख्य सचिव को आदेश दिया है कि 1 सितंबर को प्रभुनाथ को कोर्ट में पेश किया जाए। उस दिन प्रभुनाथ सिंह की सजा पर बहस होगी।



### जान से मारने की दी धमकी, राजभर पर केस

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद में हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के जिला अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी दी गई है। ओमप्रकाश राजभर के बागी नेताओं को मिली इस धमकी की शिकायत पुलिस से की गई है, जिसमें ओपी राजभर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शहर कोतवाली में सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के जिलाध्यक्ष रामजीत राजभर ने शिकायत की है।



### मणिपुर में अलग प्रशासन की मांग : कुकी विधायकों के समर्थन में भाजपा के भी 7 विधायक उतरे

# सीएम बोले- लोकतंत्र में हर कोई खुलकर बोल सकता है, फिर हिंसा भड़की, 3 के मिले शव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुकी विधायकों के समर्थन में भाजपा के 7 विधायक भी आ गए हैं और उन्होंनें भी यही मांग दोहराई है। इधर इसे लेकर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने भी कहा कि लोकतंत्र में हर कोई खुलकर बोल सकता है, सभी इसके हकदार हैं। वहीं मणिपुर में 12 दिन बाद फिर हिंसा भड़क गई। विभिन्न इलाकों में तीन शव पाए गए। इसी बीच एनएससीएन ने मणिपुर के 8 नागा विधायकों की आलोचना की, जिन्होंने 32 मैतेई विधायकों के साथ मिलकर पीएम मोदी को पत्र लिखा। पत्र में कहा गया कि उनके ज्ञापन का नागा लोगों की राजनीतिक आकांक्षाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

हिंसा प्रभावित मणिपुर के 40 विधायकों ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर कुकी उग्रवादी समूहों के साथ युद्धविराम समझौते को वापस लेने और राज्य में एनआरसी लागू करने की मांग की है। बता दें कि भाजपा के 7 विधायकों सहित 10 कुकी विधायकों ने अनुरोध किया है कि पांच जिलों चुराचांदपुर, कांगपोकपी, चंदेल, तेंगनौपाल और फेरज़ावल में की जाए अधिकारियों की नियुक्ति। के कुशल प्रशासन के लिए अलग से मुख्य सचिव और डीजीपी के समकक्ष पद स्थापित किए जाएं।

*मणिपुर पिछले 100 दिनों से चल रही हिंसा के बीच अब यहां अलग प्रशासन की मांग उठने लगी है। पिछले दिनों कुकी विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूर्वोत्तर राज्य के कुकी बहुल पहाड़ी इलाकों के लिए एक अलग प्रशासन यानी मुख्य सचिव और डीजीपी की मांग की थी।*

### देश को अस्थिर करने विदेशी साजिशः सीएम

सद्भावना दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को स्वतंत्र रूप से बोलने का अधिकार है। सिंह ने कहा था कि कुछ गलतफहमियों, निहित स्वार्थों की कार्रवाइयों और देश को अस्थिर करने की विदेशी साजिश के कारण राज्य में कीमती जान-माल का नुकसान हुआ है। उन्होंने सभी से हिंसा रोकने और राज्य में पहले की तरह शांति और तरक्की को वापस लाने का आग्रह किया। इस समारोह में कई विधायक मौजूद थे।





### कुकी विधायकों ने रखी ये मांगें

कुकी विधायकों ने अपने ज्ञापन में दावा किया कि कुकी जनजातियों से संबंधित आईएएस, एमसीएस, आईपीएस और एमपीएस अधिकारी काम करने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। इसके साथ ही विधायकों ने प्रधानमंत्री राहत कोष से 500 करोड़ रुपए की भी मांग की है, जिससे हिंसा में अपने घर और आजीविका खो चुके लोग पुनर्स्थापित हो सकें।



### उखरूप जिले के थोवई गांव में गोलीबारी

इधर, मणिपुर में 12 दिन शांति रहने के बाद फिर हिंसा की घटनाएं सामने आईं। शुक्रवार को उखरूल जिले के कुकी थोवई गांव में भारी गोलीबारी के बाद तीन युवकों के क्षत-विक्षत शव मिले। अधिकारियों ने बताया कि गांव से सुबह-सुबह भारी गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा आसपास के गांवों और वन क्षेत्रों में गहन तलाशी के बाद 24 साल से 35 साल की उम्र के तीन युवकों के शव पाए गए। तीनों लोगों के शरीर पर तेज चाकू से चोट के निशान हैं। उनके अंग भी कटे हुए हैं।

### विधायकों का दावा- अधिकारी काम करने में असमर्थ

कुकी विधायकों ने अपने ज्ञापन में दावा किया कि जनजातियों से संबंधित अधिकारी काम करने और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। इसके साथ ही कुकी विधायकों ने लोगों के पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से 500 करोड़ रुपए की भी मांग की है। इससे पहले 10 विधायकों ने पीएम मोदी से मणिपुर के आदिवासी इलाकों के लिए अलग प्रशासन बनाने का आग्रह किया था।

### इंफाल नहीं जाना चाहते कुकी अधिकारी

बता दें कि केंद्र सरकार मणिपुर में कुकी समुदाय की मांग के आधार पर अलग प्रशासन स्थापित करने के मूड में नहीं है। वहीं, सत्तारूढ़ बीजेपी के 7 विधायकों सहित 10 विधायकों ने कुकी बहुल 5 जिलों के लिए मुख्य सचिव और डीजीपी के समान पदों के सृजन की मांग की है, क्योंकि उनकी जनजाति का कोई भी सरकारी अधिकारी इंफाल वापस नहीं जाना चाहता है, उन्होंने कहा कि वह मौत की घाटी के रूप में तब्दील हो चुका है।

### द्वारका एक्सप्रेसवे के निर्माण लागत पर कैग की रिपोर्ट

## अधिकारियों पर भड़के मंत्री गडकरी, बोले- जिम्मेदारी तय होगी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के ऑडिट में द्वारका एक्सप्रेसवे की निर्माण लागत को लेकर उठाए गए सवालों पर नाराजगी जताई। गडकरी ने इसका कारण अपने मंत्रालय के स्तर पर प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने को लेकर बताया है। उन्होंने कैग की आशंकाओं को समय पर दूर करने में नाकाम रहने की जवाबदेही तय करने का निर्देश भी दिया है। कैग ने कहा है कि द्वारका एक्सप्रेसवे की प्रति किलोमीटर निर्माण लागत 18.2 करोड़ के शुरुआती अनुमान से 'बहुत अधिक' 251 करोड़ प्रति किलोमीटर हो गई। गडकरी इसी कारण नाराज हैं।

### मामला क्या है?

भारतमाला परियोजना के पहले चरण के तहत 5,000 लेन किमी का यह एक्सप्रेसवे 91,000 करोड़ की लागत से बनाए जाने का प्रस्ताव 10 अगस्त, 2016 को स्वीकृत हुआ था, लेकिन इसकी निर्माण लागत बाद में काफी बढ़ गई। कैग ने कहा एनएचएआई ने द्वारका एक्सप्रेस के हरियाणा वाले हिस्से को 'एलिवेटेड' मार्ग के रूप में बनाने का फैसला किया। मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्र पहले ही कह चुके हैं कि कैग ने निर्माण की वास्तविक लागत को ध्यान में नहीं रखा है।

**फ्लाईओवर, रिंग रोड एवं अप्रोच मार्ग की लागत से जुड़े मानकों को शामिल नहीं किया**

कैग ने निर्माण पर 91,000 करोड़ की लागत को 5,000 किमी मार्ग से विभाजित कर आकलन पेश किया है। खुद कैग ने भी यह स्वीकार किया कि रिंग रोड एवं अप्रोच मार्ग की लागत से जुड़े मानकों को शामिल नहीं किया गया है।

### शिंदे सरकार ने किया 'सुविधात्मक' ऐलान

## महाराष्ट्र में 100 रुपए में खरीदें एक-एक किलो दाल, चीनी, सूजी और मीठा तेल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने अहम फैसला लिया है। राज्य के करोड़ों लोगों को सरकार 100 रुपए में राशन किट देगी। शिंदे कैबिनेट में ये फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने अन्य कई फैसलों पर भी अपनी मुहर लगाई है। राज्य सरकार ने बीते साल भी 100 रुपए में राशन किट दी थी। प्रदेश के लोगों को गुड़ी पड़वा और डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के अवसर पर राशन कार्ड धारकों को 100 रुपए में राशन किट दी थी। राशन किट में एक किलो सूजी, एक लीटर खाना पकाने का तेल, एक किलो चना दाल और एक किलो चीनी होगी।



### कैबिनेट के अन्य फैसले

- प्रदेश के 17 जिलों के सभी सभी आदिवासी बाड़े, पाड़े अब मुख्य सड़क से जुड़ेंगे।
- आईटीआई में कारीगर प्रशिक्षुओं के लिए ट्यूशन फीस में वृद्धि की।
- मुंबई प्रेस क्लब को फोर्ट में पुनर्विकास की अनुमति।
- महाराष्ट्र कैसीनो अधिनियम निरस्त किया गया।
- राज्य में पोषण अभियान कार्यक्रम। राज्य की हिस्सेदारी बढ़ेगी।
- सहकारी समितियां एवं सदस्य अध्यादेश 2023 निरस्त।
- माध्यमिक न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की पेंशन में संशोधन।

### स्वतंत्रता दिवस पर भी की सुनवाई

## आदिवासी छात्र के इंजीनियरिंग के सपने को कर दिया साकार

**मुंबई।** 18 साल के एक आदिवासी छात्र के इंजीनियर बनने के सपने को पूरा करने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट ने 15 अगस्त यानी छुट्टी वाले दिन भी केस की सुनवाई की। गौरव वाघ नाम के छात्र की जाति जांच समिति ने एसटी प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया था। इस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सुनवाई की। गौरव के लिए न्याय बरकरार रखते हुए न्यायाधीश अविनाश घरोटे और मनोहर चंदवानी की एक खंडपीठ ने जाति जांच समिति के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें दावा किया गया था कि वह नामित जनजाति से संबंधित नहीं है। वाघ को अपनी सीट की पुष्टि के लिए 16 अगस्त की दोपहर 3 बजे तक अपना जाति प्रमाण पत्र जमा करना था, ऐसा न करने पर उसका एडमिशन कैंसिल कर दिया जाता।



### जी-20 शिखर वार्ता में होगी चप्पे-चप्पे की निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

## दिल्ली पुलिस के जवानों को मिली जैविक हथियारों से निपटने की 'सफल' ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में सितंबर में जी 20 शिखर वार्ता होने वाली है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। सुरक्षा के लिहाज से भी पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। दिल्ली पुलिस को हाई प्रोफाइल डेलिगेट्स की सुरक्षा का जिम्मा मिला हुआ है, जिसे लेकर जरा भी लापरवाही नहीं बरती जा सकती। जी20 को लेकर कार्यक्रम प्रगति मैदान के कनवेंशन सेंटर में आयोजित होंगे। दिल्ली पुलिस ने कुछ महीने पहले ही तैयारी शुरू कर दी थी और अब उनको विभिन्न स्थानों पर तैनात भी किया जाएगा। इन डेलिगेट्स के स्वागत के लिए शहर तैयार हो रहा है और पुलिस अपने कर्मचारियों को रासायनिक और जैविक हथियारों को संभालने के लिए प्रशिक्षित कर रही है।

### कमांडो को दी मध्य प्रदेश में खास ट्रेनिंग



दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जी 20 भारत के लिए बेहद गर्व की बात है और इसका मुख्य आयोजन सितंबर में होना है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि इसी जी20 को देखते हुए आतंक विरोधी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने विशेष प्रकार के हथियार, गोला-बारूद, बुलेटप्रूफ जैकेट और एक्स-रे मशीनें भी खरीदी हैं। उन्होंने 19 'स्वाट' कमांडो को मध्य प्रदेश के करैरा में खास ट्रेनिंग दी है।

### महीनों पहले से चल रही थी तैयारी

दिल्ली पुलिस किसी भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों को बहुत ही पेशेवर तरीके से आयोजित करती है। जी-20 के लिए हमारी तैयारी कुछ महीनों से चल रही है। कई एजेंसियों के साथ हमारा समन्वय निरंतर है और हमारी आकस्मिक योजना है।

### हिमाचल में भारी तबाही के बाद सीएम सुक्खू ने लिया एक बड़ा फैसला

# राज्य आपदा घोषित, जल्द जारी किया जाएगा नोटिफिकेशन

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में जुलाई-अगस्त में बारिश ने तबाही मचाई है। आम जन जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। हिमाचल प्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार से मांग कर रही है कि इस तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित की जाए, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो सका है। सीएम सुखविंदर सिंह सुकून ने बताया कि सरकार ने इस तबाही को राज्य आपदा घोषित कर दिया है और कहा कि जल्द ही इसका नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा।

### अब तक 7659.93 करोड़ की हानि, 330 की मौत



प्रदेश को 24 जून से लेकर अब तक 7659.93 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। यह 10 हजार करोड़ रुपए के पार जाने की आशंका है। 1957 घर पूरी तरह तबाह हो चुके हैं, जबकि 9 हजार 344 घरों को आंशिक तौर पर नुकसान हुआ है। 293 दुकानें और 4 हजार 072 पशु घर भी तबाह हो गए हैं। 113 भूस्खलन और 58 फ्लैश फ्लड की घटनाएं हुईं। प्रदेश में अब तक 330 लोग अपनी जान गवां चुके हैं। अभी यहां 38 लोग लापता हैं।

### राज्य के सांसदों ने कोई मदद नहीं की

हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा, हमीरपुर, शिमला और मंडी, लोकसभा की कुल चार सीटें हैं। इनमें से चारों सीट पर 2019 में भाजपा को जीत मिली थी। 2021 में मंडी से भाजपा सांसद रामस्वरूप शर्मा के निधन के बाद कांग्रेस की प्रतिभा सिंह यहां से सांसद बनी थी।

### केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे

सुक्खू ने कहा कि सरकार आर्थिक बदहाली के बावजूद प्रभावितों तक राहत पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। बारिश की वजह से हिमाचल प्रदेश को अब तक 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। सुक्खू ने कहा कि वे दिल्ली जा रहे हैं और यहां केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। हिमाचल प्रदेश ने बीते 50 सालों में कभी ऐसी तबाही नहीं देखी। यहां पर सब कुछ अस्त-व्यस्त है।

### पत्रकारवार्ता में दर्द भी आया सामने

## पीएम मोदी, शाह और नड्डा की तारीफ, राज्य के सांसदों पर भड़के

अब हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा के समय समर्थन के लिए पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की तारीफ की है। हालांकि, इस दौरान उन्होंने राज्य के लोकसभा सांसदों पर सवाल भी खड़े कर दिए। पत्रकारों से बात करते हुए सीएम सुक्खू हिमाचल के सांसदों से नाराज नजर आए। उन्होंने कहा कि राज्य में बारिश से हुई तबाही को इन सांसदों ने संसद में क्यों नहीं उठाया? सुक्खू ने आरोप लगाया कि राजनीति के बजाय इन सांसदों को राहत कार्य से संबधित मसलों को सदन में उठाना चाहिए था। सुक्खू ने पूछा कि क्या राज्य के सांसदों का प्रतिनिधिमंडल कभी पीएम से मिला? क्या किसी राहत की मांग की? उन्होंने कहा कि पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा ने कम से कम हाल तो पूछा, मदद की भी पेशकश की।

## गैस सिलेंडर फटने से मां बेटे की मौत, छह घायल



**लखीमपुर।** पिहानी बाईपास मार्ग पर देव मैरिज लान के निकट सड़क से 100 मीटर दूर तेज विस्फोट से एक मकान ध्वस्त हो गया जिसमें दबकर मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। एक बकरी और बछिया की भी मौत हुई है। परिवार वालों ने बताया की गैस सिलेंडर फटने से यह हादसा हुआ है। पुलिस ने भी यही दावा किया है। मौके पर 5 किलो का छोटा सिलेंडर जला हुआ मिला। एक बड़ा सिलेंडर सुरक्षित मलबे में दबा हुआ था। मौके पर फटे हुए सिलेंडर के कोई अवशेष नहीं मिले। लोग परेशान हैं। विस्फोट इतना तेज था के बगल में लालू पाल की दीवार में भी दरारें आ गईं।

### यूथ कांग्रेस संगठन में हुआ विस्तार

## रिसर्च विभाग के प्रदेश प्रभारी सिद्धार्थ व्यास ने की पुष्टि कि नेशनल चेयरमेन विकास यादव द्वारा किया जा रहा यूथ प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार


श्रीनिवासन
राष्ट्रीय अध्यक्ष


विकास यादव
राष्ट्रीय चेयरमेन


अमन शर्मा
राजस्थान कॉर्डिनेटर


प्रांशु तिवारी
चेयरमैन जयपुर

रिसर्च विभाग युवा कांग्रेस

**कार्यालय संवाददाता**
**जयपुर(हिलव्यू समाचार)।** भारतीय युवा कांग्रेस ने प्रदेश में संगठन का विस्तार किया है। रिसर्च विभाग के प्रदेश प्रभारी सिद्धार्थ व्यास ने बताया की नेशनल चेयरमेन विकास यादव द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अमन शर्मा, धर्मराज मीना, डॉ दीपक शर्मा , एडवोकेट भानुप्रताप सिंह, विश्वास सेनी, चेतन जैमन को प्रदेश कोऑर्डिनेटर व प्रांशु तिवारी को जयपुर शहर और अनुराज वाल्मीकि को कोटपुतली बहरोड ज़िलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति दी गयी और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए कमरकस तैयारी का आव्हान किया।जल्द ही अन्य ज़िलों में संगठन विस्तार योजना का आगाज़ होगा।इस बार प्रदेश का युवा कांग्रेस पार्टी के साथ है, और प्रण लिया है कि कांग्रेस सरकार को दुबारा लाकर रहेगा।


सिद्धार्थ व्यास, नैशनल कोऑर्डिनेटर- भारतीय युवा कांग्रेस प्रभारी- राजस्थान - हिमाचल

### मुख्यमंत्री का महिलाओं व कोचिंग संस्थानों के संचालकों से संवाद

# अब घोषणा नहीं... गारंटी दूँगा चुनाव के बाद करूँगा पूरी: CM गहलोत

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को महिलाओं और कोचिंग संचालकों के साथ संवाद किया। उन्होंने इस दौरान छात्रों की बढ़ती आत्महत्याओं की रोकथाम के लिए समिति गठित कर उसे 15 दिन में रिपोर्ट देने का ऐलान किया। इसके साथ ही सीएम गहलोत ने सखी सम्मान समारोह में महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि मैंने घोषणाएं करने में कमी नहीं रखी, अब चुनाव आने वाले हैं। चुनाव में घोषणाएं तो कर नहीं सकेंगे। इसलिए सोच रहा हूं, अब मैं घोषणाएं करने की जगह आगे के लिए गारंटी देना शुरू कर दूं। सरकार बनते ही आपको दी हुई गारंटी पूरी करूंगा। मैंने कहा था आप मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा।

गहलोत ने कहा कि पहले महिला जनप्रतिनिधियों का काम उनके पति संभालते थे। यहां तक की बैठक में भी वहीं बैठ जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। वहीं, गहलोत ने देर रात कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों में बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक देशव्यापी समस्या है। राज्य सरकार हमेशा इस मुद्दे के प्रति संवेदनशील रही है तथा समय-समय पर राज्य के कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को तनावमुक्त तथा सुरक्षित माहौल मुहैया कराने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। गहलोत ने कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या के बढ़ते प्रकरणों एवं उनकी रोकथाम के उपाय सुझाने के लिए प्रमुख शासन सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए।




### 24 घंटे की हेल्पलाइन सेवा

संवाद के दौरान कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कोचिंग सेन्टर पर हेल्थ जोन, वेलनेस सेन्टर तथा क्लिनिकल काउंसलिंग की व्यवस्था की जा रही है। विद्यार्थियों में मानसिक तनाव कम करने के लिए मनोरंजन व खेलकूद के साधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। साथ ही, 24 घंटे की हेल्पलाइन सेवा तथा ई-कम्पलेंट पोर्टल की शुरुआत भी की गई है।

### देश में 13 हजार छात्रों ने की खुदकुशी

संचालकों के साथ संवाद में गहलोत ने कहा कि कोचिंग संस्थानों से संबंधित मुद्दों को चिह्नित कर उन पर रोडमैप तैयार करने की आवश्यकता है। कोचिंग संस्थानों, छात्रों एवं अभिभावकों के मध्य समन्वय स्थापित करने के निरंतर प्रयास भी राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। विद्यार्थियों की आत्महत्या एक देशव्यापी समस्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार देशभर में वर्ष 2021 में विद्यार्थियों के 13 हजार से भी अधिक आत्महत्याओं के मामले दर्ज हुए, जिनमें महाराष्ट्र में सर्वाधिक 1834 है। राजस्थान में यह आंकड़ा 633 है, जो दूसरे राज्यों की तुलना में कम है, लेकिन राज्य सरकार इस मुद्दे के प्रति गंभीर तथा संवदेनशील है। अधिकारियों ने बताया कि कोचिंग संस्थानों के छात्रों पर अनावश्यक दबाव को रोकने के क्रम में करवाई गई स्टडी के निष्कर्षों के आधार पर दिशा निर्देश जारी किए गए।

## अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की बैठक सम्पन्न



**कुलदीप गुप्ता**
**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के द्वारा आज जयपुर शहर कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बसवाल , महिला प्रदेश अध्यक्ष सरस्वती शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुनिया दीक्षित,प्रदेश मीडिया प्रभारी आर सी गौड़ उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर शहर अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं आई कार्ड वितरित किए गए।

जयपुर अध्यक्ष शशिकांत जैन, जयपुर उपाध्यक्ष जितेंद्र तनेजा,विवेक गुप्ता, रासबिहारी शर्मा,अभिनंदन चौधरी, महासचिव जयदीप गुर्जर, दिनेश छाबड़ा, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मेलवानी, संगठन मंत्री अरविंद भाटी, कोषाध्यक्ष हर्षित भाटिया, सह सचिव सचिन अग्रवाल, कृष्ण कुमार गुर्जर , विधिक मंत्री अजीत सहारन ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उपभोक्ता के अधिकारों और उसके कर्तव्यों के संदर्भ में चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष शशिकांत जैन ने प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम कानोडिया पीजी महिला महाविद्यालय में हुआ सम्पन्न






जयपुर हिलव्यू समाचार।

14 अगस्त, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत केन्द्र सरकार का कार्यक्रम 'मेरी माटी मेरा देश','मिट्टी को नमन, वीरों का चंदन' व 'तिरंगा अभियान' का आयोजन किया गया।

वृहद पौधारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन कर उस जगह को स्वतंत्रता सेनानी श्री श्याम सुन्दर सुरोलिया स्मृति वन का नाम दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र श्रीमाली, पार्षद वार्ड न. 150, नगर निगम ग्रेटर व विशिष्ट अतिथि श्रीमती द्रोपदी सुरोलिया सदस्य कानोडिया कॉलेज प्रबंध समिति एवम प्रमोद जैन भँवर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ आदर्श नगर विधानसभा के संयोजक उपस्थित रहे। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान और श्रद्धांजलि देना था। अतिथियों ने छात्राओं को पेड़ों का महत्व समझाया कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव श्री विमल भाटिया, महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल, उप-प्राचार्य (वाणिज्य) डॉ. सुनीता माथुर, उप प्राचार्य (कला) डॉ. मनीषा माथुर, उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल, उप-प्राचार्य ( महाविद्यालय विकास) डॉ रंजुला जैन तथा अन्य प्राध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संजीव सुरोलिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुये छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल सहित पार्षद जितेन्द्र माली ने भी जनभागीदारी के महत्व को बताते हुए एक भारत-श्रेष्ठ भारत के स्वप्न को पूरा करने की दिशा में युवाओं को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय ध्वजों का वितरण कर हर घर तिरंगा' अभियान में छात्राओं को भागीदार बनाया। राष्ट्रीय स्वयंसेविकाओं व महाविद्यालय की छात्राओं ने पौधारोपण किया एवं तिरंगे का वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आँचल पुरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### प्रदेश प्रभारी रंधावा बोले... सितंबर के अंत में आएगी पहली सूची

## पार्टी विधायकों के ख़िलाफ़ सत्ता विरोधी लहर का होगा आकलन



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा है कि विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का आकलन किया जाएगा। इसके लिए सर्वे चल रहा है। यह देखा जाएगा कि उसके खिलाफ किस तरह के मुद्दे हैं। प्रत्याशी चयन से पहले उसके प्रभाव को भी देखा जाएगा। सरकार रहती है तो मंत्री और विधायकों के खिलाफ इस तरह का माहौल बन ही जाता है। यह नहीं देखा जाएगा कि वो किस गुट का है, केवल यह देखा जाएगा कि वो कांग्रेस के साथ है या नहीं। इसके बाद भी उम्मीदवारी पर फैसला किया जाएगा।

रंधावा ने शुक्रवार को एआईसीसी में मीडिया से कहा कि सितंबर के अंत तक कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी जाएगी। चुनाव को लेकर ज्यादातर समितियों का गठन कर दिया गया है। दो-तीन दिन में चुनाव कैंपेन कमेटी सहित बाकी बची कमेटियों का भी गठन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में गुटबाजी चरम पर है, कांग्रेस में सब ठीक है। सभी बैठकों में सभी प्रमुख नेता भाग ले रहे हैं, लेकिन भाजपा में क्या हो रहा है, सबको दिख रहा है।

### पद्मश्री एनआर नारायण मूर्ति का नेताओं संदेश

## नेता उदाहरण पेश करेंगे तब ही रामराज्य



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** इंफोसिस के फाउंडर पद्म विभूषण और पद्मश्री एनआर नारायण मूर्ति ने मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को लेकर राजनेताओं को सलाह देते हुए कहा है कि देश के राजनेता उदाहरण पेश करेंगे तो इस देश में रामराज्य स्थापित होते हुए दिखेगा।

बस नेता अपनी विश्वसनीयता बनाए रखें और देश में उदाहरण पेश करें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बहुत संभावनाएं हैं। यह देश को आगे ले जाना वाला राज्य है। देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाना असंभवन नहीं है। इकोनॉमिक ट्रांसफॉरमेशन से पहले कल्चरल ट्रांसफॉरमेशन आना जरूरी है। पहले टेक्नोलॉजी और पॉलिटिकल चैलेंज बहुत ज्यादा थे। उस समय किसी को फोन लगाना भी आसान नहीं था, तकनीक में हम बहुत कमजोर थे। फॉरेन बिजनेस करना भी आसान नहीं था। जयपुर पहुंचे नारायण मूर्ति ने जयपुर सिटीजन फोरम फेस्टिवल के टॉक शो में खुश रहने का मंत्र साझा करते हुए कहा कि खुशी पाने के लिए पैसों की जरूरत नहीं होती। यह तो बिलकुल मुफ्त मिलती है। इसके लिए अच्छा संगीत सुनो, अच्छी किताबें पढ़ो और अच्छे दोस्त चुनो। यह सब खुशियां देंगी। मेरे पिता ने हम लोगों को यहीं सिखाया है। नारायणमूर्ति ने कहा कि वह जयपुर से 30 साल से ज्यादा समय से जुड़े हैं। जयपुर उनके घर मैसूर की तरह है।

### हनुमान बेनीवाल पहुंचे आरयू, भाजपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

# छात्र नेताओं ने भूख हड़ताल तोड़ी, धरना-प्रदर्शन जारी

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** छात्र संघ चुनाव करवाने की मांग को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय में पिछले 6 दिनों से छात्र नेताओं की चल रहीं भूख हड़ताल शुक्रवार को आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने ज्यूस पिलाकर समाप्त करवाई। दरअसल छात्र संघ चुनाव 2023 पर रोक लगाने के बाद करीब आधा दर्जन से अधिक छात्र नेता भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। इस दौरान कई छात्र नेताओं की तबीयत भी खराब हो गई थी। शुक्रवार को बेनीवाल ने आरयू पहुंचकर पहले भूख हड़ताल पर बैठे छात्र नेताओं के हालचाल जानकर वार्ता की। उसके बाद 7 दिन में प्रदेश भर में आंदोलन को लेकर आगामी रणनीति तय करने के आश्वासन पर छात्र नेताओं ने भूख हड़ताल समाप्त की। हालांकि, छात्र नेताओं का धरना प्रदर्शन अनिचित्कलीन समय तक जारी रहेगा।



### 20 छात्र नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में की वार्ता विफल

छात्र नेताओं की भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद आरएलपी सुप्रीमो बेनीवाल ने छात्रों की एक संघर्ष समिति बनाते हुए 20 छात्र नेताओं के प्रतिनिधि मंडल को छात्र संघ चुनाव के मामले में बात करने के लिए सचिवालय भेजा। वहां जाकर छात्र नेताओं ने उच्च शिक्षा सचिव भवानी सिंह देथा से मुलाकात कर प्रदेश के महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव कराए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में दिव्यांशी खंडेलवाल, कोमल मोहनपुरिया, सीमा पटेल, हितेश यादव, अभिषेक चौधरी, मोहित यादव, हरफूल चौधरी, महेश चौधरी,शुभम रेवाड़, विकाश घोसल्या, नीरज खीचड़, धर्मेंद्र शर्मा, महेंद्र जाट, राम सिंह सामोता, कमल चौधरी, हरकेश छाबड़ी, विनोद भूदोली, कौसिक खान, मनीष चारण, मेघराज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में छात्रनेता शामिल थे, जो सचिवालय पहुंचे। इस दौरान काफी लंबी वार्ता चली, लेकिन प्रतिनिधि मंडल की वार्ता विफल रहीं। डॉ. राम सिंह सामोता ने बताया कि सचिवालय में 7 छात्र नेताओं ने चुनाव पर रोक लगाने के दो मुख्य बिंदुओं पर उच्च शिक्षा सचिव से वार्ता विफल रहीं और छात्र नेता वापस अनिचित्कलीन धरने पर बैठ गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)